

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 332

ग्वालियर, मंगलवार, 25 जनवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## महान व्यक्तित्वों के योगदान को मिटाने का प्रयास हुआ, अब देश गलतियां ठीक कर रहा है: प्रधानमंत्री

### प्रधानमंत्री ने कहा, हमें नेताजी बोस के कैन डू और विल डू की भावना से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ना है

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आजादी के बाद देश की संस्कृति और संस्कारों के साथ ही अनेक महान व्यक्तित्वों के योगदान को मिटाने का काम किया गया लेकिन देश उन गलतियों को ठीक कर रहा है। स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती पर इंडिया गेट पर उनकी होलोग्राम प्रतिमा का अनावरण करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 2047 में स्वतंत्रता के सौवें वर्ष से पहले दुनिया की कोई भी ताकत देश को नए भारत के निर्माण के अपने लक्ष्य को हासिल करने से नहीं रोक सकती। प्रधानमंत्री ने कहा ?कि हमें नेताजी बोस के कैन डू और विल डू की भावना से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ना है। ये दुर्भाग्य रहा कि आजादी के बाद देश की संस्कृति और संस्कारों के साथ ही अनेक महान व्यक्तित्वों के योगदान को मिटाने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि स्वाधीनता संग्राम में लाखों-लाख देशवासियों की तपस्या शामिल थी लेकिन उनके इतिहास को भी सीमित करने की कोशिशें हुईं पर आज आजादी के दशकों बाद देश उन गलतियों को



ठीक कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने अलंकरण समारोह में वर्ष 2019, 2020, 2021 और 2022 के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार भी प्रदान किए। समारोह के दौरान कुल सात पुरस्कार प्रदान किए गए। केंद्र सरकार ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भारत में लोगों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा को पहचान देने और सम्मानित करने के लिए वार्षिक पुरस्कार की शुरुआत की है। मोदी ने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने आपदा प्रबंधन को प्राथमिकता दी है। हमने राहत, बचाव और पुनर्वास पर जोर देने के साथ सुधार पर भी बल दिया है। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से लेकर योजना और प्रबंधन तक, सर्वश्रेष्ठ तौर तरीकों को अपनाया गया। उन्होंने कहा ?कि जिन्होंने भारत की धरती पर पहली आजाद सरकार को स्थापित किया था, हमारे उन नेताजी की भव्य प्रतिमा आज डिजिटल स्वरूप में इंडिया गेट के समीप स्थापित हो रही है। जल्द ही इस होलोग्राम प्रतिमा के स्थान पर ग्रेनाइट की विशाल प्रतिमा भी लगेगी। उन्होंने कहा कि यह प्रतिमा लोकतांत्रिक संस्थाओं, वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को उनके कर्तव्यों की याद दिलाएगी और उन्हें प्रेरित करेगी। होलोग्राम प्रतिमा को 30,000 लुमेन 4के प्रोजेक्टर द्वारा संचालित किया जाएगा। एक अदृश्य 90 प्रतिशत पारदर्शी होलोग्राफिक स्क्रीन इस तरह से लगाई गई है कि यह आगंतुकों को दिखाई नहीं देती। सरकार ने कहा है कि होलोग्राम का प्रभाव पैदा करने के लिए उस पर नेताजी की थ्रीडी तस्वीर लगाई जाएगी। इस प्रतिमा का आकार 28 फुट ऊंचा और 6 फुट चौड़ा है।

### हेट स्पीच के मामले में दो हिंदू संगठनों की सुप्रीम कोर्ट से गुहार

## ओवैसी समेत इन नेताओं के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश देने की मांग

**नई दिल्ली।** दो हिंदू संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट से गुजारिश की है कि उनको भी हरिद्वार और नई दिल्ली में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषणों के आरोपों से संबंधित याचिका में पक्षकार बनाया जाए। हिंदू सेना और हिंदू फ्रंट फार जस्टिस नाम के दोनों संगठनों ने इस मामले में हस्तक्षेप की अनुमति के साथ आवेदन दाखिल किया है। सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही इस मामले में केंद्र सरकार, दिल्ली पुलिस और उत्तराखंड पुलिस को नोटिस जारी किया था।

गैर सरकारी संगठन हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने अधिवक्ता बरुण कुमार सिन्हा के जरिए सुप्रीम कोर्ट में आवेदन दाखिल कराया। इसमें हिंदू समुदाय और उनके देवी-देवताओं के खिलाफ भी कथित रूप से नफरत फैलाने वाले भाषण देने के लिए AIMIM नेता असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए राज्य सरकारों को निर्देश देने की



गुजारिश की गई है। साथ ही तौकीर रजा, साजिद राशिदी, अमानतुल्ला खां, वारिस पठान समेत अन्य के खिलाफ भी ऐसे भाषणों के लिए कार्रवाई किए जाने की गुजारिश की गई है। हिंदू संगठनों की ओर से AIMIM नेता असदुद्दीन ओवैसी, तौकीर रजा, साजिद राशिदी, अमानतुल्ला खां, वारिस पठान समेत अन्य के खिलाफ हिंदू समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण देने के आरोप लगाए गए हैं। हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने अपने आवेदन में हिंदू समुदाय और उनके देवी-देवताओं के खिलाफ दिए गए कथित हेट स्पीच की जांच के लिए विशेष जांच दल यानी एसआईटी का गठन किए जाने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया है। वहीं दूसरे संगठन हिंदू फ्रंट फार जस्टिस ने वकील विष्णु शंकर जैन के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप आवेदन दायर करके ऐसी ही गुहार लगाई है। यही नहीं, इस याचिका में कई मुस्लिम नेताओं के कथित नफरत फैलाने वाले भाषणों के इंटरनेट लिंक भी उपलब्ध कराए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय में पत्रकार कुर्बान अली और पटना हाईकोर्ट की पूर्व न्यायाधीश एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अंजना प्रकाश की याचिका में 17 और 19 दिसंबर 2021 को हरिद्वार और दिल्ली में दिए गए कथित रूप से नफरत पैदा करने वाले भाषणों का उल्लेख किया गया था। इस याचिका पर प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए गए थे। याचिका में हेट स्पीच से निपटने के सर्वोच्च अदालत के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराए जाने की मांग की गई थी।

## त्रिपुरा में हुई हिंसा की एसआईटी से जांच कराए जाने की मांग, सुप्रीम कोर्ट 31 जनवरी को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने त्रिपुरा में हाल ही में हुई सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं की विशेष जांच दल यानी एसआईटी से जांच कराने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 31 जनवरी की तारीख तय की है। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वह अगले सोमवार को मामले की सुनवाई करेगी। साथ ही पीठ ने याचिकाकर्ता को त्रिपुरा सरकार द्वारा दायर हलफनामे पर जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया। संक्षिप्त सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता एहतेशम हाशमी की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि सवाल करने पर त्रिपुरा सरकार का जवाब कि जनहित याचिका दायर करने वाले लोग पश्चिम बंगाल हिंसा पर चुप क्यों हैं पूरी तरह से अशोभनीय है। हाल ही में त्रिपुरा सरकार ने राज्य में हिंसा की घटनाओं की एसआईटी से जांच कराने की मांग वाली याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि जनहित याचिका दायर करने वाले लोग बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद हुई बड़े पैमाने पर सांप्रदायिक हिंसा पर चुप क?यों थे। राज्य सरकार ने अपने हलफनामे में कहा है कि त्रिपुरा में चुनाव के दौरान कथित हिंसा की एसआईटी जांच की मांग करने वाली याचिका सलेक्टिव प्रकृति की थी। याचिकाकर्ता ऐसी जनहित याचिका को आगे बढ़ाकर एक खतरनाक मिसाल कायम कर रहे हैं। त्रिपुरा सरकार ने अधिवक्ता एहतेशाम हाशमी की याचिका में हलफनामा दायर किया था। एहतेशाम हाशमी ने कथित तौर पर अक्टूबर में त्रिपुरा में हुई हिंसा के मामले में शीर्ष अदालत के तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी।

## सैकड़ों भाजपाइयों की मौजूदगी में हुआ प्रत्याशी महेश त्रिवेदी के कार्यालय भव्य उद्घाटन

### भाजपा में यूपी के महामंत्री ने किया अधिक सीटें जीतने का नया इतिहास रचने का दावा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे कानपुर ( ब्यूरो)** यहां सोमवार को किदवई नगर स्थित मिल्की हाउस के सामने पूर्व में स्थित भाजपा दक्षिण जिले के कार्यालय पर बाल चैतन्य पुरी महाराज अरुण पुरी महाराज ने फीता काटकर भाजपा प्रत्याशी महेश चन्द्र



त्रिवेदी के कार्यालय का मंत्रोच्चार के बीच विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान मौजूद कार्यकर्ताओ ने मोदी-योगी जिन्दाबाद, जय -जय श्रीराम के जोरदार नारे बुलंद किए।इस मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री विजय बहादुर पाठक ने कहा कि भाजपा यूपी मे पहले से अधिक सीटें जीतकर नया इतिहास बनाएगी। प्रदेश मे जिस तेज गति से विकास कार्य हुए है वह भी अपनेआप मे ऐतिहासिक है।प्रदेश सरकार ने विकास कार्यो एवं नीतियों की इस प्रकार रचना की वह समाज के अन्तिम पायदान पर खडे व्यक्ति तट आसानी से पहुच सके। उन्होंने यह भी कहा कि अब गरीब प्रशासन व अफसरों के चक्कर नही लगाता बल्कि अब अफसर स्वयं जरूरतमंदों के दरवाजे पहुचकर उन्हें योजनाओं का भागीदार बना रहे हैं। उद्घाटन के इस अवसर पर दक्षिण जिला अध्यक्ष बीना आर्या पटेल, संजय कटियार, किदवई नगर विधानसभा प्रभारी उमेश निगम, महापौर प्रमिला पांडे पूर्व विधायक नीरज चतुर्वेदी ,प्रकाश वीर आर्य, राम बहादुर यादव, शिवराम सिंह और अचल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सपा ने अमित शाह पर लगाया कैराना में कोरोना नियम तोड़ने का आरोप

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा चुनाव 2022 को लेकर प्रदेश के राजनीतिक दलों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कैराना दौरे को लेकर निर्वाचन आयोग में



शिकायत दर्ज कराई है। सपा ने आरोप लगाया है कि कैराना में घर-घर चुनाव प्रचार कर पर्चे बांटने और जनसम्पर्क करने के दौरान केंद्रीय मंत्री और उनके समर्थकों कोरोना नियमों का उल्लंघन किया है। शिकायत में सपा ने कहा कि चुनाव आयोग ने डोर टू डोर प्रचार की इजाजत तो दे रखी है लेकिन उस दिन तक सिर्फ पांच लोगों के समूह को इसकी इजाजत थी। शनिवार की शाम को आयोग ने इस संख्या को पांच से बढ़ाकर 10 कर दिया था। जबकि कैराना में अमित शाह और भाजपा के लोगों के जनसम्पर्क के दौरान तंग गलियों में कहीं अधिक संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी थी। सपा ने कोरोना नियम उल्लंघन के मामले में भाजपा नेताओं के खिलाफ शीघ्र और सख्त कार्रवाई की मांग की। उधर, यूपी के मंत्री मोहिसिन रजा ने सपा पर पलटवार किया है।

## खास खबर

### पोस्ट ऑफिस में ट्रेन बुकिंग सेवा की शुरुआत

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे के द्वारा रोजाना लाखों लोग यात्रा करते हैं। रेलवे अपने यात्रियों को कई तरह की सुविधाएं देता हैं, जिससे उनकी यात्रा को आसान और आरामदायक बनाया जा सके। समय-समय पर नई-नई सेवाओं की शुरुआत भी होती रहती है। हाल ही में रेलवे ने एक ऐसी सेवा की शुरुआत की है, जिससे ट्रेन की यात्रा करने जा रहे यात्रियों को काफी आराम मिलेगा। दरअसल, अब यात्री ट्रेन का टिकट नजदीकी पोस्ट ऑफिस से भी बुक करवा सकते हैं। आईआरसीटीसी ने यह सुविधा उत्तर प्रदेश में शुरू की है।पिछले दिनों रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पोस्ट ऑफिस से रेल टिकटों की बुकिंग की सेवा को हरी झंडी दिखाई थी। उत्तरप्रदेश में 9147 पोस्ट ऑफिस में ट्रेन बुकिंग सेवा की शुरुआत की गई है। इससे दूर-दराज रहने वाले लोगों को ट्रेन के टिकट की बुकिंग करवाने की सुविधा मिलेगी। इससे यात्रियों के पास ट्रेवल एजेंट के पास जाने का समय और रुपये, दोनों की बचत होगी।पोस्ट ऑफिस के द्वारा से ट्रेन का टिकट बुक करवाने की सुविधा शुरू होने की वजह से आम जनता को काफी मदद मिलने की संभावना है।जो व्यक्ति ग्रामीण क्षेत्रों में रहता है, वह आसानी से अपने नजदीकी पोस्ट ऑफिस पर जाकर ट्रेन का टिकट बुक करवा सकेगा।उस ट्रेवल एजेंट के पास नहीं जाना पड़ेगा।साथ ही, उसे रेलवे स्टेशनों पर टिकटों की बुकिंग के लिए लगने वाली लंबी लाइनों से भी छुटकारा मिल सकेगा।

### रघुनाथपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कचरे में मिली कोविशील्ड वैक्सीन, हुआ हंगामा

**बक्सर।** बिहार के बक्सर जिले के रघुनाथपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास कचरे में कोविशील्ड वैक्सीन बरामद होने के बाद हंगामा हो गया है।बताया जा रहा है, कि स्वास्थ्य विभाग के बाहर कचरे के ढेर में कोविशील्ड की कई वैक्सीन मिली, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हुआ है।आनन-फानन में स्वास्थ्य केंद्र के हेल्थ मैनेजर विनोद कुमार ने मौके पर पहुंच कर सभी वैक्सीन को जमा करके मामले की जांच शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि इस लापारवाही के लिए जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। उधर, बक्सर सिविल सर्जन ने कहा कि जब मामला उनके संज्ञान में आया,तब उन्होंने इसकी जांच के लिए कमेटी बना दी है।जल्द ही पता लग जाएगा कि किसकी लापरवाही है।फिर जो लोग भी इस मामले में दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### मेरा चैलेंज है बालासाहेब पर राहुल गांधी से एक ट्वीट करा दें उद्धव ठाकरे: देवेंद्र फडणवीस

**नई दिल्ली।** पूर्व सहयोगी उद्धव ठाकरे की एक टिप्पणी से आहत भाजपा ने आज महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख पर पलटवार किया। भाजपा ने कहा कि वह राजनीतिक सुविधा के लिए हिंदुत्व का इस्तेमाल करती है। दरअसल कल शिवसेना के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा था कि शिवसेना ने सहयोगी के रूप में भाजपा के साथ बिताए 25 साल बर्बाद थे।

### दिल्ली में बारिश ने तोड़ा 122 साल का रिकार्ड

## दिल्ली-एनसीआर पर सर्दी और कोहरे का डबल अटैक



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली-एनसीआर के लोगों को सर्दी और कोहरे का डबल अटैक झेलना पड़ रहा है। यहां रुक-रुक कर हो रही बारिश ने ठिठुरन और बढ़ा दी है। साथ ही पहाड़ी राज्यों में लगातार बर्फबारी से मैदानी इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में जनवरी में बारिश ने 122 साल का रिकार्ड तोड़ दिया है। शनिवार को हुई बारिश के बाद दिल्ली में इस महीने 88.2 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। 1901 के बाद जनवरी के महीने में सबसे ज्यादा बारिश रिकार्ड की गई है। इससे पहले राजधानी दिल्ली में 1989 में 79.7 मिमी और 1953 में 73.7 मिमी बारिश हुई थी। दिल्ली में न्यूनतम तापमान में बड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि राजधानी में सोमवार को अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 7 डिग्री तक हो सकता है। रविवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस था। उधर, हिमाचल प्रदेश में सोमवार को भी मौसम से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने सोमवार को किन्नौर, लाहुल स्पीति, चंबा, मंडी, कुल्लू व शिमला में आंधी और हिमपात का यलो अलर्ट जारी किया है। बिलासपुर, कांगड़ा, सोलन में भारी बारिश के साथ आंधी चलने की आशंका है। वहीं, पंजाब में सोमवार को भी कई जिलों में बादल छाए रहने और हल्की से सामान्य बारिश की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस हफ्ते में लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ेगा। उत्तराखंड भी शीतलहर की चपेट में है।मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि अभी लोगों को ठंड से राहत नहीं मिलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले दो दिनों में पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी यूपी और राजस्थान के कुछ इलाकों में घना कोहरा परेशान करेगा। वहीं, 25 से 27 जनवरी तक शीत लहर का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने बताया कि मध्य प्रदेश में 27 जनवरी तक घना कोहरा रहेगा।

## पर्यावरण संजीवनी संस्थान के सदस्यों ने दूल्हा दुल्हन को उपहार में दिए पौधे

**पुष्पाजंली टुडे**

**जोधपुर** ~शुष्क राजस्थान में पर्यावरण के क्षेत्र में बढ़ावा दे रही पर्यावरण संजीवनी संस्थान के सदस्यगण एक शादी समारोह में पहुचकर दूल्हा अमन वर्मा ओर दुल्हन दीपिका वर्मा को पौधे देकर पर्यावरण के क्षेत्र में बढ़ावा देने की बात कही । साथ ही दुल्हन दीपिका वर्मा ने कहा कि शुष्क राजस्थान में आये दिन पेड़ पौधे काटने एवं पानी का स्तर गिरने के कारण क्षेत्र में पेड़ पौधों की बहुत कमी आ गई है ।जिससे हर वर्ष बारिश का ओसत गड़बड़ा जाता है कभी ज्यादा तो कभी कम बारिश हो जाती है इसलिए जितना हो सके उतने पौधे लगाकर उन्हें पेड़ तैयार करने चाहिए ।पर्यावरण संजीवनी संस्थान के चेयरमैन गोविन्द सीरवी ने बताया कि संस्था द्वारा शादिया में पहुचकर पेड़ पौधे लगाने की अपील करते है आज भावी क्षेत्र में पीपाड़ क्षेत्र से कोसाना ग्राम पंचायत से पहुची बारात जो भावी ग्राम में भगतसिंह वर्मा के बेटी



की शादी में समारोह में पहुँचकर संस्था के चेयरमैन गोविन्द सीरवी, संजय जैन, अजय वर्मा,रामदीन रेडू ने दूल्हा अमन वर्मा एवं दुल्हन दीपिका वर्मा को संस्था की तरफ से पौधा भेट किया ।जो दुल्हन दीपिका अपने ससुराल के आंगन में पौधा लगाकर उस पौधे की देखरेख करेगी । संस्था द्वारा अब तक सेकड़ो शादी के कार्यक्रमो में पहुचकर पौधा भेट कर चुके है ।

**ये रहे मौजूद:** दूल्हा दुल्हन को पौधा भेट करते समय संस्था के चेयरमैन गोविन्द सीरवी,संजय जैन, अजय वर्मा, कानाराम पितावत,अशोक कुबावत,रामदीन रेडू,चिराग,महावीर गोयल, हेमन्त ,मनोज सहित कई जने मोके पर मौजूद थे ।

### कोल्हापुर में केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लगी दमकल की चार गाड़ियां मौके पर तैनात

**कोल्हापुर।** महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग पर काबू पाने में दमकल की चार गाड़ियां मौके पर तैनात हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इनमें आग की भयानक लपटें और काला धुंआ उठता दिख रहा है। आग लगने की वजह अभी तक सामने नहीं आई है। वहीं, मुंबई में ताड़देव इलाके में बहुमंजिला रिहायशी इमारत में लगी आग में जख्मी हुए एक और शख्स ने सोमवार को दम तोड़ दिया।

## पीएम पद छोड़ने को मजबूर किया तो और खतरनाक हो जाऊंगा

### पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की चेतावनी

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों को खुली चेतावनी देते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि अगर उन्हें पीएम पद छोड़ने के लिए मजबूर किया गया तो वह और भी ज्यादा खतरनाक हो जाएंगे। इमरान ने विपक्ष की कोई भी बात मानने से साफ तौर पर इनकार कर दिया। पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) जुलूस निकालने के मुददे पर बात करते हुए



खान ने कहा कि यह कदम विफल हो जाएगा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा, अगर मैं सड़कों पर आ गया तो आप (विपक्ष) सबको छिपने की कोई जगह नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें पद छोड़ने पर मजबूर किया गया तो वह और भी ज्यादा खतरनाक हो जाएंगे।पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) एक गठबंधन है, जिसमें करीब एक दर्जन पार्टियां हैं। इस गठबंधन का कहना है कि राजनीति में सेना की दखल कम होनी चाहिए। पीडीएम का आरोप है कि इमरान खान सेना के हाथों की कठपुतली हैं जिन्हें इलेक्शन में गड़बड़ी करके जितवाया गया था।पीडीएमके अध्यक्ष और जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजली के मुखिया मौलाना फजलुर रहमान ने ऐलान किया है कि विपक्षी पार्टियां 23 मार्च को इस्लामाबाद में लंबा मार्च निकालेंगी।



न्यूज़ ट्रैक....

## शीतकालीन ओलंपिक के लिए विवादित एनल टेस्ट करा रहा चीन

**बीजिंग** । चीन अपने अजीब कारनामों के कारण हमेशा से ही चर्चाओं में बना रहता है। अब शीतकालीन ओलंपिक से पहले कोरोना संक्रमण की जांच को लेकर चीन ने जो तरीका अपनाया है। उससे एक बार फिर चीन का बेशर्म और क्रूर चेहरा सामने आया है। चीन में भी हाल के दिनों में कोरोना के मामलों में तेजी आई है। ऐसे में शीतकालीन ओलंपिक से पहले चीन कोरोना की जांच करने के लिए खिलाड़ियों के प्राइवेट पार्ट से सैंपल ले रहा है। पिछले साल भी चीन द्वारा घरेलू खेलों में एनल स्वैब टेस्ट का विरोध हुआ था। वहीं अब ओलंपिक का हिस्सा बनने आए खिलाडियों को इस विवादित टेस्ट से गुजरना पड़ रहा है। वहीं चीन के अनुसार ये कोरोना की जांच का सबसे सुरक्षित और सही तरीका है। कोरोना का एनल टेस्ट काफी विवादित है। इसमें संक्रमित इंसान के प्राइवेट पार्ट के 5 सेंटीमीटर अंदर तक टेस्टिंग किट को लगाया जाता है। इसके बाद इसे घुमाया जाता है। जांच से पहले स्वाब किट को तोड़ दिया जाता है।

## रिजवान बने आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ पुरुष टी-20 क्रिकेटर

**दुबई** । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को साल 2021 में शानदार प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरुष टी20 क्रिकेटर का इनाम दिया है। रिजवान ने गत वर्ष टी20 में जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए केवल 29 मैचों में ही 73.66 के औसत और 134.89 के स्ट्राइक रेट के साथ 1,326 रन बनाए थे। बल्लेबाजी के अलावा इस खिलाड़ी ने विकेटकीपिंग में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए टीम के लिए कई शिकार किये। पाक को टी20 विश्व कप 2021 के सेमीफाइनल में पहुंचाने में भी रिजवान की अहम भूमिका रही। रिजवान टूर्नामेंट के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने साल 2021 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लाहौर में अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक भी लगाया था। इसके अलावा कराची में वेस्टइंडीज के खिलाफ हुए साल के अंतिम टी20 मुकाबले में भी अर्धशतकीय पारी खेली थी।

## वॉन ने जाफर को ट्रोल किया

**नई दिल्ली** । इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन और पूर्व भारतीय वसीम जाफर के बीच सोशल मीडिया पर तकरार चलती रहती है। अब जबकि लीजेड्स लीग क्रिकेट में वर्ल्ड जायंट्स के खिलाफ हुए मुकाबले में जाफर शून्य पर ही आउट हो गये तो वॉन को जाफर को ट्रोल करने का मौका मिला गया और उन्होंने इस अवसर को बिना गंवाए ही अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए जाफर की पारी को लेकर निशाना साधा है। गौरतलब है कि जाफर और वॉन सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं। दोनों ही क्रिकेटर अपने विचार सोशल मीडिया पर प्रशंसक के साथ साझा करते रहते हैं। इस दौरान दोनों एक दूसरी पर निशाना भी साधते हैं।

# विरोधी टीम पर दबाव नहीं बना पाने के कारण हारे : राहुल

**केपटाउन** । भारतीय क्रिकेट टीम के कार्यवाहक कप्तान लोकेश राहुल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में मिली हार पर निराशा जताते हुए कहा कि विरोधी टीम पर दबाव नहीं बना पाने के कारण टीम को हार को सामना करना पड़ा है। राहुल ने कहा कि टीम वही गलतियां करती आई है जो उसने इससे पहले टेस्ट सीरीज में की थीं। भारतीय टीम केपटाऊन के मैदान पर खेले गए तीसरे एकदिवसीय में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली हार के कारण 3-0 से हारी है। इस सीरीज में कप्तान रोहित शर्मा के नहीं होने के कारण राहुल को टीम की कमान दी गयी थी। तीसरे एकदिवसीय की हार के बाद राहुल ने कहा कि जब तक दीपक चाहर क्रीज पर थे हमारे पास मैच जीतने का मौका था । उन्होंने खेल को काफी रोमांचक बना दिया था पर अंत में हमें हार का सामना करना पड़ा। ।

राहुल ने कहा कि हमने स्वयं को एक मौका दिया था, इससे हम कुछ सीख सकते हैं और अपना प्रदर्शन निखार सकते हैं। यह पता चल गया है कि हम कहां पर गलती कर



रहे हैं। कई बार हमारा शॉट चयन खराब रहा है। गेंद से भी हम लगातार सही क्षेत्रों में खेल नहीं पाए हैं। हम अच्छा खेले पर विरोधी टीम पर दबाव नहीं बना सके। इसके लिए हम अपने साथियों को दोष नहीं दे सकते। कई बार कौशल और स्थिति को समझने के मामले में हम गलत हो जाते हैं। ऐसा होता है। साथ ही कहा कि आगामी विश्व कप को देखते हुए इस सीरीज से हासिल अनुभवों का लाभ हमें मिलेगा।

### 4 रन से हारा भारत

दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे और आखिरी वनडे मैच में टीम इंडिया को रोमांचक मुकाबले में 4 रन से हरा दिया। भारत के सामने मैच जीतने के लिए 288 रन का लक्ष्य था, जिसके जवाब में टीम 283 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। हार के साथ ही अफ्रीका ने भारत के ऊपर 3-0 से क्लीन स्वीप किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 7वां विकेट 223 के स्कोर पर गंवा दिया था और हार टीम के सिर पर मंडरा रही थी, लेकिन दीपक चाहर ने 34 गेंदों पर शानदार 54 रन बनाकर मैच की तस्वीर को बदलकर रख दिया। चाहर 278 के स्कोर पर आउट हुए और इसके बाद जसप्रीत बुमराह (12) और युजवेंद्र चहल (2) रन बनाकर आउट हो गए। सूर्यकुमार यादव हैलीकॉप्टर शॉट खेलने के प्रयास में 39 रन पर आउट हुए। श्रेयस अय्यर शॉट गेंद पर पुल करने की कोशिश में 26 रन बनाकर विकेट दे बैठे। विराट कोहली 65 रन पवेलियन लौटे।

# डिकॉक ने तीसरे एकदिवीय मैच में शतक के साथ ही बनाये कई रिकार्ड

**केपटाउन** । दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज क्वींटन डी कॉक ने भारत के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में शतकीय पारी खेलने के साथ ही कई रिकार्ड अपने नाम किये हैं। डी कॉक ने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेन्द्र सहवाग का भी एक रिकार्ड तोड़ा है। डी कॉक ने तीसरे एकदिवसीय में 130 गेंदों पर 12 चौके और दो छक्के लगाकर 124 रन बनाए थे। यह डी कॉक के करियर का 17वां शतक और भारत के खिलाफ अब तक सीरीज में छठा शतक है। इससे पहले सचिन के नाम दोनो देशों के बीच सीरीज में पांच शतक लगाने का रिकार्ड था। डिकॉक ने विरोधी टीम के खिलाफ सबसे तेजी से छह शतक पूरे किये हैं। उन्होंने इस मामले में सहवाग का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सह?वाग ने 23 पारियों में न्यूजीलैंड के सबसे तेज छह शतक बनाए थे जबकि डिकॉक ने भारत के खिलाफ 16 पारियों में ही छह शतक बनाये हैं।

डिकॉक का साथ ही भारत के खिलाफ एकदिवसीय में अबतक का यह छठा शतक था और उन्होंने इस प्रकार ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी रिकी पोंटिंग और श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली है। पोंटिंग और संगकारा ने भी



एकदिवसीय में भारत के खिलाफ छह-छह शतक लगाए थे। गौरतलब है कि श्रीलंका के सनथ जयसूर्या के नाम भारत के खिलाफ एकदिवसीय में सर्वाधिक शतक लगाने का विश्व रिकॉर्ड है। जयसूर्या ने भारत के खिलाफ 85 पारियों में 7 शतक लगाये हैं। डिकॉक ने अपने एकदिवसीय करियर का 17वां शतक लगाने के साथ ही ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है, जिनके नाम एकदिवसीय में बतौर विकेटकीपर दूसरा सबसे ज्यादा शतक बनाने का रिकॉर्ड था। इस मामले में श्रीलंका के कुमार संगकारा अभी भी शीर्ष पर हैं, जिनके नाम बतौर विकेटकीपर 23 शतक है। इस मामले में हालांकि संगकारा शीर्ष पर हैं।

## फिट नहीं होने के कारण आईपीएल नीलामी से बाहर रहेंगे करेन

**लंदन** । इंग्लैंड के युवा ऑलराउंडर सैम करेन आईपीएल के 2022 की मेगा नीलामी में शामिल नहीं होगें। करेन पिछले सत्र में आईपीएल का खिताब जीतने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम में शामिल थे पर इस बार वह इसमें नजर नहीं आयेंगे। करेन ने कहा है कि वह अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। इसलिए लिए नीलामी में शामिल नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं अभी भी अपनी चोट से पूरी तरह से नहीं उबरा हूं। मेरा रिहैबिलिटेशन चल रहा है। इसी वजह से कोच और बाकी लोगों की सहमति के बाद मैंने नीलामी में नहीं उतरने का फैसला किया है। मेरे लिए यह हालांकि निराशाजनक है।



*ओल्ड ट्रेफर्ड में प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच में प्रतिभा का प्रदर्शन करती हुईं वेस्ट हेम और मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीमें।*






# किसान कांग्रेस ने विद्युत विभाग के खिलाफ खोला मोर्चा

## मनमानी विद्युत कटौती और किसानों को 24 घण्टे बिजली देने की मांग रखी



मेहगांव। जिले के मेहगांव में सोमवार को किसान कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष गजेंद्र भदौरिया के नेतृत्व में विद्युत समस्याओं को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। किसान कॉंग्रेस जिला अध्यक्ष गजेंद्र भदौरिया ने तहसीलदार आर एन खरे को ज्ञापन देते हुये बताया कि बिजली विभाग व्दारा अघौषित कटोती एंव मनमाने बिजली विल के साथ डीई गुप्ता व्दारा कराये गये कार्यो मे व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है जिसकी जांच किसी निष्पक्ष ऐजेंसी एवं वरिष्ठ अधिकारियों से कराई जाये। इस दौरान जिला महामंत्री अमित दांतरे ने बताया कि जब से डीई अंकुर गुप्ता ने मेहगांव डिवीजन मे पदभार संभाला हे मेहगांव डिवीजन मे बिजली सप्लाई से लेकर बिजली विल एंव मेटेनेंश के नाम पर हुई जनता के साथ लूट का पर्दाफाश करने हेतु जांच कराये जाने हेतु आग्रह महामहिम राज्यपाल से किया गया है। विद्युत विभाग द्वारा किसानों एवं आम जन को विद्युत खपत से अधिक बिल थमाये जा रहे है तथा किसानो के द्वारा बिल जमा होने के उपरांत भी विद्युत कनेक्शन काट दिया जाता है , भ्रष्टाचार चरम सीमा है इसे बंद किया जाये।

शहर मे हो रही अघोषित विद्युत कटोती बंद की जाये शहर मे स्ट्रीट लाइट चालू की जाये। किसानो को बे मौसम वर्षात से फसल की हानि का मुआबजा दिया जाये । मेहगांव तहसील मे किसानो को पर्याप्त विद्युत सप्लाई नहीं दी जा रही है जो 24 घंटे विहुत सप्लाई दी जाये। किसानो एवं शहर के फुके ट्रांसफार्मर तुरंत बदले जाये ट्रांसफार्मर खराब होने पर बकाया बिल का 10 प्रतिशत जमा करने के बाद भी किसान व आम जन को महीनो घुमाया जाता है व रिश्वत लेकर तब ट्रांसफार्मर दिया जाता है, जब से उपप्रबंधक गुप्ता मेहगांव में आए हुये है जब से भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है इनके समय मे किए गए मेंटेनेश व अन्य काम की तुरंत जाँच कराई जाये तो डीई व्दारा कराये गये कार्य मे भ्रष्टाचार उजागर होकर शासन प्रशासन एंव जनता के सामने आ सके। इसके अलावा भारौली व अन्य गांवों में आधे लोगों को मुआवजा मिला है व आधे लोगै को नहीं मिला है अतः सब लोगो को मुआवजा दिलाया जाय, किसान एंव आमजन की समस्याओं को 7 दिवस मे समाधान नही किया गया तो संघठन को मजबूरन बिजली कार्यालय का घेराव कर 31 जनवरी 2022 को ताला बंदी की जाऐगी जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में गजेंद्र सिंह भदोरिया अध्यक्ष जिला किसान कांग्रेस कमेटी भिंड, अमित दांतरे जिला कांग्रेस महामंत्री भिण्ड, राम हर्ष सिंह कुशवाह उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी भिंड, रंजीत सिंह गुर्जर, जितेंद्र भदोरिया, रामहेत सिंह भदोरिया, अजमेर सिंह गुर्जर, सुभाष राठोर, बृजेंद्र सिंह कल्लू, रेखा भदौरिया, रजनी कुशवाहा, नागेंद्र सिंह भदोरिया, राजेश सिंह भदोरिया, एडवोकेट आशीष भारद्वाज प्रदेश सचिव किसान कांग्रेस, भूपेंद्र सिंह भदोरिया, संजू भदौरिया, लल्ला भदोरिया, रविंद्र सिंह बरार गोहद, मनीष शिवहरे, नरोत्तम चौरसिया, कृष्ण गोपाल चौरसिया, नारायण सिंह भारौली, चंद्रभान सिंह, नीलम सिंह कुशवाह, आनंद बाथम, राहुल भदोरिया, प्रदीप नागर सोशल मीडिया, फेरन सिंह नरवरिया, प्रदीप भदोरिया, इसरार खान, सुलेमान खान, बलजीत सिंह बराड़, सुरेंद्र राजोरिया सहित सैकड़ो लोग थे।

## फूप उप स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक सम्पन्न



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने उप स्वास्थ्य केन्द्र फूप में स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त रूप से बैठक ली। बैठक में उन्होंने एनीमिया, गर्भवती एवं टीकाकरण के संबंध में की जा रही कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। बैठक में एसडीएम भिण्ड-अटेर उदयसिंह सिकरवार, सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा, बीएमओ फूप डॉ निखिल अग्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अब्दुल गफ्फार के अलावा सीडीपीओ, सीएचओ एवं सुपरवाईजर उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने बैठक में सीएचओ एवं महिला एवं बाल विकास की सुपरवाईजरो से जानकारी चाही कि आपके द्वारा एनीमिया, गर्भवती, टीकाकरण एवं कुपोषण के संबंध में कब-कब बैठक ली गई और क्या कार्यवाही की गई। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त रूप से कार्य करने से गांव में एनीमिया, कुपोषण, गर्भवती एवं अन्य टीकाकरण की जानकारी एकत्रित की जाकर डेटा ऑनलाईन फीड करने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि जो कार्य महिला एवं बाल विकास की सुपरवाईजर, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका के द्वारा किया जाता है वहीं कार्य स्वास्थ्य विभाग के सीएचओ एवं आषा कार्यकर्ता के द्वारा किया जाता है। जब दोनो विभाग एक साथ मिलकर कार्य करेंगे तब कार्य में प्रगति आएगी। उन्होंने कहा कि कलस्टर लेवल पर बैठक प्रत्येक शनिवार को दोपहर 1 से 3 बजे तक ली जावे। दोनो ही विभाग के कर्मचारी जब गांव में गर्भवती महिला, कुपोषण से पीडित बच्चों को चिन्हांकित कर डेटा ऑनलाईन फीड करे। उन्होंने सीएचओ एवं महिला एवं बाल विकास की सुपरवाईजर को निर्देषित किया कि कलस्टर लेवल पर मीटिंग में की गई कार्यवाही की जानकारी उपलब्ध कराई जावे। उन्होंने कहा कि दोनो ही विभाग के कर्मचारी समन्वय से कार्य करेंगे तो प्रगति अच्छी आएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक के अथक प्रयासों से ग्राम पंचायत रछेड़ी को मिली करोड़ो के विकास कार्यो की सौगात

#### विधायक श्री कुशवाह ने किया नलजल योजना कार्य का भूमिपूजन, घर-घर पहुंचेगा पानी

भिण्ड। सोमवार को सदर विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने ग्राम पंचायत रछेड़ी में जलजीवन मिशन के अन्तर्गत नल जल योजना विकास कार्य का भूमिपूजन किया। भिण्ड की ग्राम पंचायत रछेड़ी में 157.13 लाख लागत से हर घर तक नल की पाईप लाईन बिछायी जायेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने बताया कि विगत कई वर्षों से ग्राम पंचायत रछेड़ी की जनता पेयजल समस्या से जूझ रही थी जिसकी मांग लम्बे अर्से से चली आ रही थी, उसी को मद्देनजर रखते हुए पंचायत में नल जल योजना स्वीकृत कराई गई। योजना का लाभ सभी वर्ग समाज को मिलेगा घर-घर नल की पाईप लाईन बिछाकर जल पहुंचाया जायेगा। जल्द ही गांव में पानी की टंकी बनवाकर पूरे गांव में सप्लाई की जायेगी। लोगों को मीलों दूर पीने के पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा इसके साथ ही पंचायत में हैण्डपम्प खनन करने की समस्या भी पूर्ण रूप से समाप्त हो जायेगी। इस अवसर पर रामलखन सिंह यादव पूर्व सरपंच, रन सिंह यादव, संतोष यादव, वंटी यादव, कलेक्टर सिंह यादव डिड़ी, ब्रजमोहन सिंह यादव सहित सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद रहे।

### सीएमओ रामभान ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



भिण्ड। अकोड़ा सीएमओ ने विगत दिनों बेघर एवं झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों को कंबल बांटे। मकर संक्रांति के बाद लगातार बढ़ रही ठंड के प्रकोप से बेघर एवं बेसहारा लोग सर्द हवाओं में ठिठुर रहे थे जिनकी जरूरत को देखते हुए सीएमओ रामभानसिंह भदौरिया ने कंबल देकर ठंड से बचाव करवाया। सीएमओ ने अकोड़ा के पास स्थित झुग्गी झोपड़ी एवं ईट भट्टा पर कार्य कर रहे लोगों को जब ठंड में ठिठुरते हुए देखा और उनका हाल जाना तो पता चला कि ठंड से बचने के लिए उनके पास वस्त्र नहीं थे। सीएमओ ने मानवता का धर्म निभाते हुए कंबल मंगवाकर वितरण करवा दिए जिससे उन्हें ठंड से राहत मिली। इस अवसर पर उनके साथ नगरपरिषद अकोड़ा उपयंत्री आदित्य मिश्रा, हरेन्द्र शर्मा, शिवांशु, मनोज, सचिन मौजूद थे।

### प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत मुख्य समारोह में फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

भिण्ड । राजस्व एवं परिवहन विभाग तथा जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में गणतंत्र दिवस-26 जनवरी 2022 का जिला स्तरीय मुख्य समारोह स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड भिण्ड के मैदान पर मनाया जाएगा। प्रभारी मंत्री मुख्य समारोह में प्रातः9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। मुख्य अतिथि एवं राजस्व, परिवहन मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत 26 जनवरी-गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण करेंगें। इसके उपरांत ही राष्ट्रगान होगा। मुख्य अतिथि द्वारा आयोजित परेड का निरीक्षण के बाद मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन करेंगे। इसके बाद मार्च पास्ट होगा। 26-जनवरी 2022 गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों के माध्यम से तैयार की गई मनोहारी एवं आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद परेड, झांकी, और उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को पुरूष्कार प्रदान किया जाएगा।

### ईश्वर जब किसी के आंगन में त्याग, तपस्या और ममता देता है; तो बेटियों को उतारता है



भिण्ड। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में मानवता ग्रुप द्वारा मानवता की पाठशाला की बच्चियों को ड्रॉइंग प्रतियोगिता कराई गई एवं सभी बच्चियों को ड्राइंग बुक एवं कलर सेट वितरित किये गए, जिन्हें पाकर बच्चियाँ अत्यंत खुश हुईं, जिस प्रकार इन रंगों से चित्रों में रंग भरे जाते हैं उसी प्रकार मानवता ग्रुप भी बालिकाओं को विभिन्न गतिविधियों से उनके जीवन में रंग भरने का कार्य करता है। आज का यह कार्यक्रम कीर्ति स्तंभ मंदिर के पीछे झोपड़ी बस्ती में किया गया। एवं बच्चों को पुरुस्कार भी वितरित किये। इस अवसर पर सलोंनी जैन, खुशी जैन, मैग्गी जैन, रानी जैन, आशा जैन, बबलू सिंधी, प्रभात राजावत, दीपक चावला, आरव जैन, आदि उपस्थित रहे।

## शराब से 4 लोगों की मौत का मामला

# एक दिन पहले दी क्लीन चिट, अगले दिन भतीजे को पुलिस ने बनाया आरोपी

### ग्वालियर डिस्टलरीज के मालिक के भतीजे ने ही अवैध शराब बनाने के के लिए दी थी ओपी, फैक्ट्री से निकलने वाले ट्रकों से कराता था चोरी ने दम तोड़ दिया

भिण्ड। शहर के स्वतंत्र नगर में संचालित शराब की अवैध फैक्ट्री में ओपी की सप्लाई इटावा रोड पर स्थित ग्वालियर डिस्टलरीज से की जा रही थी। डिस्टलरीज के मालिक का भतीजा ही ओपी सप्लाई करता था। वह डिस्टलरीज से निकलने वाले ट्रकों से ओपी चोरी कराता था। रौन पुलिस ने डिस्टलरीज मालिक के आरोपी भतीजे को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। दरअसल 13 जनवरी को शहर के स्वतंत्र नगर इलाके में संचालित शराब की अवैध फैक्ट्री के अंदर एक हजार क्वाटर शराब तैयार की गई थी। इस शराब को बनाने के लिए इंदुख गांव से पांच युवक आए थे। सभी को मजदूरी के रूप में 500-500 रुपए और दो-दो क्वाटर शराब दी गई थी। इनमें एक पुक्र मनीष ने चार क्वार्टर लिए थे। इस शराब को पीने के बाद मनीष जाटव और छोटू उर्फ रवि जाटव पुत्रगण नरेंद्र जाटव निवासी दुखों को 14 जनवरी की रात मौत हो गई थी। बाद में इनके साथ काम करने आए लाखन जाटव के चाचा पप्पू उर्फ रामदास पुत्र राम सिंह निवासी इंदुखी की अगले दिन 15 जनवरी को मौत हो गई। प्रारंभिक पड़ताल में पाया गया कि पप्पू ने भी वही शराब पी थी, जो कि मनीष और रवि ने पी थी। आखिर मौत गांव में संतोष बाथम हो गई, इस मामले में भी सामने आया कि उसने एक दिन पहले शराब पी थी।

### शराब फैक्ट्री का मालिक बना रहा था अवैध मकान, प्रशासन ने ढहाया

रविवार को कलेक्टर और एसपी के आदेश पर नगरपालिका प्रशासन ने अवैध शराब बनाने के मामले में आरोपी धर्मवीर बघेल का निर्माणाधीन मकान ढहा दिया। प्रशासन के अनुसार, धर्मवीर ने प्लॉट का डायवर्सन और नामांतरण नहीं कराया था। साथ ही मकान बनाने के लिए उसने नगरपालिका से अनुमति भी नहीं ली थी। मकान तोड़ने की रणनीति एक दिन पहले ही शनिवार को जिला पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के चैंबर में बन गई थी। शनिवार की देर शाम कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस. पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान, एसडीएम उदय सिंह सिकरवार, नगरपालिका सीएमओ सुरेंद्र शर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने लंबी बैठक की। इसके बाद रात को ही अधिकारी स्वतंत्र नगर में धर्मवीर का मकान देखने भी गए थे।

### शराब फैक्ट्री चलाने वालों को पकड़ने के बाद से ही पुलिस : तलाश रही थी ओपी का स्रोत

11 जनवरी को सप्लाई की ओपी, 13 को बनाई गई अवैध शराब, 14 की रात दो भाइयों की मौत हुई, फिर दो और लोगों अवैध शराब फैक्ट्री मालिक का निर्माणाधीन मकान डिस्टलरीज को दी थी क्लीन चिट, सूत्र बताते आबकारी विभाग की जांच रिपोर्ट का मामला संदिग्ध नजर आ रहा हैअब पुलिस ने भतीजे को बनाया आरोपी खास बात तो यह है कि ग्वालियर डिस्टलरीज से ओपी सप्लाई होने के मामले में दो दिन पहले ही आबकारी की टीम ने डिस्टलरीज के अंदर पहुंचकर जांच की थी। टीम ने डिस्टलरीज के साथ दस्तावेजों के साथ लॉक सिस्टम आदि भी जांचे थे, जिसके बाद आबकारी की टीम ने डिस्टलरीज को क्लीन चिट दी थी आबकारी विभाग मामला संदिग्ध नजर आ रहा हैलेकिन पुलिस डिस्टलरीज मालिक के भतीजे मनीष से तीन दिन से पूछताछ कर रही थी। अब से पुलिस ने मनीष को आरोपी बना दिया है। पुलिस के अनुसार अभी और खुलासा भी हो सकते हैं।

### एक घंटे की कार्रवाई के बाद मकान जमींदोज हो गया

स्वतंत्र नगर में स्थित अवैध शराब फैक्ट्री के मालिक धर्मबीर का मकान, जो प्रशासन ने एक घंटे की कार्रवाई में जमींदोज कर दिया। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। 11 जनवरी को आरोपी ने दी थी 80 लीटर ओपी, मौत होने पर एक केन नाले में बहा दी थी।

# चौधरी रामजीलाल की पुण्य तिथि पर बांटे गर्म कम्बल



मेहगांव। मेहगांव नगर के मौ रोड़ स्थित चौधरी मार्केट के सदस्यों ने मार्केट के संस्थापक स्व.रामजीलाल चौधरी की 22वी पुण्यतिथि मनाई जिसमें मार्केट सदस्यों दुआरा मेहगांव नगर के शासकीय अस्पताल में मरीजों को गर्म कम्बल वितरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की कार्यक्रम में मुख्य रूप में स्व. रामजीलाल चौधरी के पौत्र एडवोकेट शिवम चौधरी उपस्थित रहे जिन्होंने बताया मेरे दादाजी का देहांत आज ही के दिन सन 2000 में बीमारी के चलते हुआ था। उनके द्वारा अपने जीवन काल सदैव समाज कल्याण के कार्यो को महत्व दिया गया जिसके चलते वे कई राजनीतिक पद पर रह चुके थे साथ ही एडवोकेट चौधरी ने बताया कि मैंने अपने दादाजी के जीवन काल से कई सामाजिक प्रेरणा प्राप्त की है और मैं अपने जीवन काल में सदैव समाज कल्याण के कार्यो को महत्व दूंगा कम्बल वितरण करते समय स्वास्थ्य विभाग के डॉ शत्रुघन तोमर, फार्मासिस्ट राजीव शर्मा के साथ पंकज कांकर, सचिन जैन ,कौशल पुरोहित, उजाला डंडोतिया, मुमताज खान, चंद्रपाल राठौर, रवि बघेल ,गुड्डू तोमर उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने फूप में निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केन्द्र, सार्वजनिक शौचालय एवं डिग्री कॉलेज फूप के भवन का निरीक्षण



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने फूप में निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन, सार्वजनिक शौचालय एवं भिण्ड रोड पर फूप में बनाये जा रहे डिग्री कॉलेज के भवन को देखा। इस दौरान एसडीएम भिण्ड-अटेर उदयसिंह सिरकवार, सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा, सीएमओ फूप हनुमंत सिंह भदौरिया सहित निर्माणाधीन एजेंसी के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने फूप में निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि भवन के अन्दर जो भी कमी रह गई है उसे पूर्ण की जाकर शीघ्र लोकार्पण के लिए तैयार किया जावे। उन्होंने मेनगेट एवं साईट गेट के बारे में निर्माणाधीन एजेंसी के पीआईयू के अधिकारियों को आवष्यक दिषा निर्देष दिए। इसके साथ ही उन्होंने फूप कस्बे में बनाये जा रहे सार्वजनिक शौचालय का भी अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान उन्होंने सीएमओ फूप श्री भदौरिया को सार्वजनिक शौचालय निर्माण में हो रही देरी के लिए नाराजगी जाहिर की और उन्होंने शीघ्र सार्वजनिक शौचालय निर्माण कराने के निर्देष दिए। इसी के साथ भिण्ड रोड पर निर्माणाधीन डिग्री कॉलेज फूप के भवन को देखा। भवन निर्माण में देरी होने पर काम कर रहे ठेकेदार पर नाराजगी जाहिर करते हुए पीआईयू के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देष दिए।

# शासकीय एमजेएस महाविद्यालय में मेंहदी प्रतियोगिता सम्पन्न



भिण्ड । 12वें मतदाता दिवस के अंतर्गत एम.जे.एस. शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय इकाई-2 के कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. आर.ए. शर्मा के निर्देशन में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालयीन प्राचार्य डॉ अनूप श्रीवास्तव ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहां हमें अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए एवं 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके ऐसे बालक बालिकाएं अपने वोटर कार्ड अवश्य बनवाएं इसके पश्चात प्रोफेसर ममता भदौरिया ने भी अपने उद्बोधन में कहा हमें अपने सशक्त लोकतंत्र का निर्माण के लिए सभी को मतदान करना आवश्यक है एवं इसके अलावा दूसरों को मतदान के लिए प्रेरित करें जिससे गौरवशाली देश का निर्माण किया जा सके। इस प्रतियोगिता में 15-20 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान लवी कुशवाह, द्वितीय स्थान रानू चौधरी, नेहा कुशवाहा और तृतीय स्थान किरण राजावत ने प्राप्त किया तथा इसमें निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में प्रोफेसर ममता भदौरिया रसायन शास्त्र विभाग, ऋचा सक्सेना रसायन शास्त्र विभाग मौजूद, और प्रभा तिवारी रसायन शास्त्र विभाग थीं। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन पूर्व एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक सौरव सिंह खंडेलवाल ने किया।

## कर्ज बांटकर चीन 58 देशों पर काबिज

**सनत जैन**

चीन ने पिछले वर्षों में दुनियाभर के 58 देशों को कर्ज के मकड़जाल में फंसाकर वहां की सत्ता और अर्थ-व्यवस्था पर कब्जा कर लिया है। अमेरिका के विलियम एंड मेरी विश्व विद्यालय ने अर्न्तराष्ट्रीय विकास संगठन एंड डेटा की रिपोर्ट में यह खुलासा किया है। रिपोर्ट के अनुसार चीन द्वारा विभिन्न देशों में जो कर्ज बांटा गया है। उसमें 385 अरब डालर का कर्ज छुपा हुआ कर्ज हैं। संभवतः कर्ज की रकम को रिश्वत के तौर पर राजनेताओं और अधिकारियों को बांटी गई है। यह रकम भी कर्ज लेने वाले देशों की सरकारी कम्पनियों, बैंकों, सरकारी उपक्रम एवं निजी संस्थानों के खाते में डाली गई। चीन ने रिश्वत देकर 58 देशों में कर्ज बांटकर उन पर कब्जा करने के लिए कानूनी तरीका अपनाया। कर्ज देते समय अनुबंध के समय सस्ती ब्याज दर पर कर्ज दिया गया। तत्पश्चात अनुबंध की हिडन शर्तों को मनमाने तरीके से लागू करके ब्याज दरें एकतरफा बढ़ा दी गई। चायनीज डेट ट्रेच डिप्लोमेसी (चेक बुक अथवा ऋणजाल) कूटनीति के जाल में श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, इंडोनेशिया, थाईलेंड जैसे एशियाई देश हैं। वहीं अफ्रीकी एवं यूरेशियाई के 58 देश चीन की इस डिप्लोमेसी में फंसकर दिवालिया होने की कगार पर पहुंच गए है। हाल ही में श्रीलंका की संसद में प्रमुख अर्थ-शास्त्री हर्षा डीसिल्वा ने कहा श्रीलंका जल्द दिवालिया हो जाएगा। श्रीलंका का आयात रूक जाएगा। आईटी सिस्टम और गूगल मैप जैसी सुविधायें बंद हो जाएंगी क्योंकि श्रीलंका के पास आयात एवं आईटी, इन्टरनेट सुविधाओं को जारी रखने के लिए पैसे ही नहीं होंगे। चीन कर्ज देते समय अनुबंध में कई तरह की हिडन शर्तें रखता हैं। पहले मामूली ब्याज दर पर कर्ज की पेशकश करता है। प्रारंभिक कर्ज देने के अनुबंध होने के बाद ब्याज दर को कई गुना बढ़ा देता है। तरह-तरह के शुल्क लगाये जाते हैं। ऋण का भुगतान नहीं होने पर प्रोजेक्ट की हिस्सेदारी जबरिया खरीद लेता है। चीन सरकार अपनी हिस्सेदारी को चीनी कम्पनियों को सौंप देता है। यह चीनी कम्पनियां चीनी नागरिकों को उन देशों में भेजती है। चीनी बस्तियों का निर्माण और सुरक्षा के नाम पर चीन के सैनिक उन देशों में भेजे जा रहे हैं। कर्ज के मकड़जाल में फंसाकर चीन ने बिना लड़े सस्ते में लगभग 58 देशों की सत्ता और अर्थ-व्यवस्था में अपना प्रभाव बना लिया है। चीन की सरकार राजनेताओं और ब्यूरोक्रेट के माध्यम से रिश्वत देकर कर्ज लेने के लिए प्रमुख पदों में बैठे लोगों द्वारा तैयार किया जाता है। कर्ज देने वाली चीनी एजेंसियां विचित्र शर्त रखती हैं। इसमें कर्ज लेने वाले देश को विदेश में एक आफसोर एकाउन्ट खोलना होता है। इस खाते में न्यूनतम राशि रखने की अनिवार्य शर्त होती है। ऋण देने वाली चीन की वित्तीय कम्पनी पर सीधी पहुंच होती है। इन खातों में माध्यम से रिश्वत बांटने, छुपे हुए शुल्क खातों में डालकर कर्ज लेने वाले देशों पर दबाव बनाया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार 58 देशों की सैकड़ों कम्पनियों एवं शासकीय उपक्रमों पर चीन सरकार का अप्रत्यक्ष कब्जा हो गया है। दुनिया के 58 देश चीनी कर्ज के मकड़जाल में फंसकर फड़फड़ा रहे है। 400 वर्ष पहिले ईस्ट इंडिया कम्पनी ने इसी तरह भारत में प्रवेश किया था। 1651 में बंगाल के नवाब ने ईस्ट इंडिया कंपनी के लिए द्वार खोला था। 1651 से 1947 तक का अंग्रेजों की गुलामी का जो इतिहास है। वहीं मकड़जाल अब चीन की सरकार और चीनी कम्पनियों द्वारा 58 देशों में कब्जा कर लिया है। सैकड़ों देशों में भी भ्रष्टाचार एवं रिश्वत के बल पर चीन ने सारी दुनिया में अपना प्रभुत्व बढ़ा लिया है। यह काफी चिंतनीय है।

# हैवानियतः दरिंदों को फांसी की सजा से रुकेगें दुष्कर्म ?

**नरेन्द्र भारती**

नव वर्ष 2022 में अपराध की तारीख बदली ,मगर तस्वीर नहीं बदली,एक बार फिर वहशी दरिंदों द्वारा राजस्थान के अलवर में एक मूक बधिर सोलह साल की किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म से कायनात कांप उठी है।बर्बरता की इस घटना ने राजस्थान की धरती को कंलकित किया है।दुष्कर्म के बाद वहशी दरिंदों ने उसे अलवर के तिजारा फाटक के पास फैंक दिया। दुष्कर्म की वारदात से हर भारतीय उद्वेलित है। राष्ट्रीय अपराध ब्यूरों के मुताबिक देश में लगातार दो सालों से दुष्कर्म के सबसे अधिक मामले राजस्थान में दर्ज किए गए हैं।दुष्कर्म की इस वारदात ने निर्भया सामूहकि दुष्कर्म के रिसते जख्मों को कुरेद दिया है। निर्भया के दरिंदों को तो उनके कर्मों की सजा मिल चुकी है। यह रौंगटे खड़े कर देने वाली घटना बहुत ही दुखद है।हर रोज अस्मत लूटी जा रही है।दरिंदों द्वारा हर राज्य में दरिंदगी का सामाज्य बना रहे है।दरिंदों की अराजकता बढ़ती ही जा रही है।जंगलराज स्थितियां बन रही है।कानून को धता बताकर दरिंदें दरिंदगी का तांडव कर रहे है। दरिंदों को सरेआम मौत के घाट उतारना होगा ताकि आने वाले समय में दरिंदे कई बार सोचेगें की उनकी करतूतो का क्या अंजाम होगा। आखिर कब तक बेटियां दरिंदों की दरिदंगी का शिकार होती रहेगी। ऐसी बारदातें बहुत ही चिंतनीय हैं।,एक बार फिर वहशी दरिंदों ने हैदराबाद में एक डाक्टर से सामूहिक दुष्कर्म किया और उसकी लाश को जला दिया।खौफनाक वारदात से हर भारतीय सदमें है।देश में बेटियां हर जगह असुरक्षित महसूस कर रही हैं। कभी निर्भया गैगरेप तो कभी हिमाचल का गुड़िया कांड तो कभी कुठुआ में दुष्कर्म ,उन्नाव व रेवाडी कांड हो चुके है।2019 में हैदराबाद में एक डाक्टर से सामूहिक दुष्कर्म किया था और उसकी लाश को जला दिया था। आखिर यह दुष्कर्म कब रुकेंगें।यह यक्ष प्रशन बनता जा रहा है।फांसी के जितने भी मामले लंबित हैं त्वरित कारवाई करके दरिंदों का सर्वनाश करना चाहिए। कानूनों को धत्ता बताकर बीमार मानसिकता के बेखौफ हवसी दरिंदें अराजकता फैला रहे है कानून का कोई डर नहीं है।जंगलराज जैसे हालात पैदा हो रहे है।बेटियां खौफजदा है। दरिंदों की दरिंदगी की वारदातें कब रुकेगी, बेटियों की सुरक्षा के दावे कहां है।यह एक यक्ष प्रशन है यह सुलगते प्रशन है कि बेटियां कब सुरक्षित होगी।जघन्य व दिल दहला देने वाली दुष्कर्म की घटनाओं से जनमानस खौफजदा है।16 दिसंबर 2012 से दिसंबर 2021 तक दुष्कर्मों का सिलसिला जारी रहा ऐसा कोई दिन न बीता होगा जिस दिन दरिंदों ने किसी की इज्जत की नीलामी न लगाई होगी पूरे 365 दिन बैखौफ दरिंदों के कारनामें बदस्तूर जारी रहे। आंकड़ों के अनुसार 12 सितंबर 2018 को हरियाणा के रेवाड़ी में एक 19 साल की मेधावी छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म कर दिया था।27 जून 2018 को मध्यप्रदेश के मंदसौर में एक सात साल की नाबालिग स्कली बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म की जघन्य घटना से हर भारतीय उद्वेलित हुआ था।यह बच्ची तीसरी में पढ़ती थी। मासूम से हुई दरिंदगी व हैवानियत की यह घटना बहुत ही दिल दहलाने वाली थी। दरिंदों ने जिस बर्बरता व हैवानियित से घटना को अंजाम दिया था उससे रौगटे खडे हो जाते है। दरिंदों ने दरिदंगी की हदे पार कर दी थी। अब समय आ गया है कि दरिंदों को फांसी की सजा से ही इन मामलों पर विराम लग सकता है।वर्ष 2021 के जनवरी माह से देश के हर राज्य में इन मामलों में बेतहासा वृद्धि दर्ज की गई थी।साल के 12 माह में यह दुष्कर्म रुकने का नाम नहीं ले रहे थें।सरकार को इन मामलों पर त्वरित कारवाई करनी होगी।हर रोज दरिंदें दरिंदगी का तमाशा कर रहे है।देश में दुष्कर्म के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है।इससे पहले कठुआ में भी एक बच्ची के साथ दरिंदगी का मामला प्रकाश में आया था। प्रतिदिन इन अपराधों में इजॉफा होता जा रहा है।देश में दरिंदगी की वारदातें कब रुकेगीं।गत वर्ष हिमाचल में भी गुडिया कांड हुआ था।इससे पहले देश की राजधानी दिल्ली में दिल दहला देने वाला कृत्य हुआ था जब द्वारका नार्थ इलाके में देर रात टैक्सी से घर लौट रही एक महिला से उबर जैसे रेप का मामला घटित



हो गया था।यह बहुत ही घिनौना कृत्य है कि ऐसे प्रकरण थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। देश में लड़कियां कितनी महफूज है इन घटनाओं से अंदाजा लगाया जा सकता है। 16 दिसंबर 2012 दिल्ली गैगरेप के बाद न तो हालात बदले और न ही बलात्कार रुके निरंतर इन घटनाओं में इजाफा होता गया ज्यों-ज्यों दवा की मर्ज बढ़ता गया इसे पुलिस व्यवस्था की लापरवाही करार देना ठीक होगा क्योकि इन 9 सालों में हजारों बलात्कार की घटनाएं घटित हुई हैं 16 दिसंबर 2012 की घटना के बाद तो इतने दुष्कर्म हुए हैं कि थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।देश के प्रत्येक राज्य में इन केसों में निरंतर बढोतरी हो रही है यदि इन दरिंदों को फांसी हो जाती है तो इन मामलों पर रोक लग सकती है क्योकि ऐसे दरिंदें लोगो को एक सबक मिल जायेगा कि गलत काम करने का अंजाम क्या होता है। भेडियों व दरिंदों की मानसिकता न बदली है और न बदलेगी इन दरिंदों को फांसी ही आखिरी विकल्प है। मुम्बई में एक महिला फोटोग्राफर से गैंगरेप ने भी हर भारतीय को हिला दिया था। निर्भया के बाद दिल्ली में गुडिया के साथ भी रौंगटे खडे कर देने वाला कुकृत्य हुआ था उसमें भी मनोज नामक आरोपी ने हैवानियत की हदें पार की थी ।बलात्कार की घिनौनी वारदातों के कारण विश्व गुरु की इतनी फजीहत हो रही है कि दुनिया में बदनामी हो गई हैं। कुछ बीमार व नीच मानसिकता के लोगो ने भारत की छवि को दागदार किया है जनमानस को अब संकल्प लेना होगा तथा एकजुट होकर ऐसे लोगों का खात्मा करना होगा जो देश के लिए कंलक हैं। ताकि आने वाले समय में ऐसे अमानवीय कृत्यो पर लगाम लग सके ।यदि अब भी कानूनों में सख्ती न बरती तो ऐसे दरिंदें फिर से इन घिनौनी वारदातों को अंजाम देते रहेगें ।इसलिए अब ऐसे लोगों को समाज से बहिष्कृत करना चाहिए। केन्द्र सरकार को चाहिए कि देश के सार्वजनिक स्थलों पर हर समय सुरक्षा व्यवस्था कायम की जाए। सादी वर्दी में महिला पुलिस तैनात करनी चाहिए। सरकार को बिना समय गंवाए इन दरिंदों का खात्मा करना चाहिए। ऐसे दरिंदें देश के लिए घातक हैऐसे दरिंदें न जाने कैसे वातावरण में रहते होगें ।ऐसे लोगो को समाज की कोई फिक्र नहीं होती कि उनके कृत्यों से पूरा समाज द्रवित होता है । समाज में ऐसे लोग बहुत ही घातक सिद्ध हो रहे है । ऐसी घटनाओं पर रोक के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करने होगे ।ऐसे दुष्कर्म सामाजिक मूल्यों का पतन दर्शातें है कि समाज में विकृत मानसिकता के लोगों का बोलबाला होता जा रहा है ।इन मामलों से इन्सानियत तार-तार हो रही है ।समाज को ऐसे अपराधिक प्रवृति के लोगों की पहचान करनी होगी । यदि अब भी समाज के लोगों ने इन दरिंदों को सबक नहीं सिखाया तो फिर से कोई और लड़की दरिंदों की दरिदगी का शिकार होगी । अब समाज को जागना होगा ,दरिंदों का खात्मा करना होगा ।कानून के रखवालो को भी समाज में घटित इन हादसों पर गहराई से चितंन करना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसे प्रकरणों पर विराम लग सके । ऐसे लोगो को समाज से बहिष्कृत करना चाहिए। अगर यह प्रवृति बढ गई तो हालात बेकाबू हो जाएगें । पुलिस को भी अपने कर्तव्य का निर्वाह करना होगा ताकि पुलिस की छवि बरकरार रहे और समाज में ऐसे हादसे रूक सके । इन बलातकारियों को सजा ए मौत से ही दुष्कर्मो पर लगाम लग सकती है।तभी यह अपराध रुक सकते हैं। अगर सरकारों ने अब भी लापरवाही बरती तो हर रोज यह सिलसिला जारी रहेगा तथा चारों तरफ अराजकता फैलेगी ।केन्द्र सरकार को भी इन हादसों पर बिना समय गंवाए इन दुष्कर्मो को रोकने के लिए कारगर कदम उठाने चाहिए ताकि देश में ऐसी वारदातों की पुनरावृति न हो सके । इनका नामोनिशन मिटाना होगा। तभी बहु-बेटियां बेखौफ होकर घूम सकती है ।वक्त अभी संभलने का है अगर अब भी दुष्कर्म के इन मामलों को अनदेखा किया तो ऐसे दरिंदें हर गली व चौराहे पर दरिदगी को अंजाम देते रहेगें।

## जीवन निर्भरता और आत्म -निर्भरता का संयोग है

जीवन में सम्पूर्ण आत्म निर्भरता जैसा कुछ नहीं है। इसे भूल जाओ। यदि आप सोचते हो कि मैं पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर हो जाऊं तो ऐसा नहीं होगा। 15, 16 या 17 साल की आयु तक आप आत्मनिर्भर नहीं थे। आप आश्रित ही पैदा हुए थे। आप अपने आप उठ भी नहीं सकते थे, और कोई और आपको उठाता था। कोई आपके डायपर बदलता था। कोई आपको नहलाता था। कोई खिलाता था। कोई सुलाता था। आप एक आश्रित ही पैदा हुए थे और अंत में भी आश्रित ही रहोगे। जब आपकी मृत्यु हो जाती है तो आप अपने शरीर को अपने आप नहीं जला या दफना सकते। जब आप बीमार होते हो किसी को आपका ध्यान रखना होता है। आप अपने डाक्टर नहीं बन सकते। 50-60 वर्ष की आयु के बाद यह बिलकुल स्पष्ट हो जाता है कि आप किसी पर निभर होते हो। किसी हद तक आप नहीं कह सकते कि, ÷मैं पूरी तरह से आत्म निर्भर हूँ। आपको किसी ना किसी की सहायता लेनी ही पड़ती है। अच्छा, फिर यह भी धारणा है कि आप पैसे से आत्मनिर्भर बनते हो। हमें अपनी ज़रुरत पूरा करने के लिए कुछ पैसा चाहिए, पर मान लो कोई भी आपके लिए कार्य करना न चाहे, तो आपका क्या होगा? आपकी धारणा गलत है कि पैसा आपको आत्मनिर्भर बनाता है। पर इसके साथ साथ आप अपने आप को आत्मनिर्भर मान सकते हो, आप अपने कार्यों के लिए स्वतंत्र हो, आप अपनी भावनायों को नियंत्रित करने के लिए मुक्त हो, यदि आप अच्छा महसूस करना चाहते हो तो यह आपके अपने हाथ में हैं। यदि आप अच्छा महसूस नहीं करना चाहते तो यह भी आपके अपने हाथों में हैं।

## कहो तो कह दूँ / दरुओ धकापेल पियो और सरकार की जय जय कार करो

**चैतन्य भट्ट**

एक बात तो है अपनी मध्यप्रदेश सरकार से किसी का दुख नहीं देखा जाता, बेचारे प्रदेश के दरुये शराब की मनमानी कीमतों से हलाकान थे, दारू बेचने वाले बढ़ी हुई ड्यूटी का बहाना बना कर मनमाने रेट ले लेते थे ये बात सरकार से सहन नहीं हुई कि जो दरुये इस प्रदेश की अर्थ व्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है उनको इतना कष्ट, आंसू से चेहरा भीग गया सरकार का, एक ही झटके में नई आबकारी नीति बना दी और देसी और विदेशी दारू दोनों पर दस से बीस फीसदी ड्यूटी घटा दी कि रिंदो जितनी पी सकते हो पियो तुम्हारे लिए हमने अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया है, अब तो खुश हो, लोग बाग बोले सारी चीजे मंहगी हो रही है और दारू सस्ती, तो सरकार ने भोले बनकर कहा असल में हम अवैध शराब पर अंकुश लगना चाहते हैं जब दारू सस्ती मिलेगी तो लोग बाग़ अवैध दारू नहीं पिएंगे, गजब का जस्टिफिकेशन है हुजूरे आला का इतना बड़ा आबकारी अमला और पुलिस क्या घास छीलने के लिए रखी है आपने जो अवैध शराब धडल्ले से बिक रही है, लेकिन अब इसमें सरकार का भी कोई दोष है नहीं, आबकारी विभाग हो या पुलिस सारी बेगार तो इनके कन्धों पर टिकी है ऐसे में अवैध दारू वालो को पकड़ने लगेंगे तो उनका धंधा कैसे चल पायेगा और वे नेताओ की बेगार कैसे करेंगे अपनी तनख्वाह के पैसे से तो बेगार हो नहीं सकती द्य अब तो केंद्रीय मंत्री कुलस्ते जी ने भी कह दिया कि यदि शराब बंदी हो जाएगी तो राजस्व किधर से आएगा, धंधा ही बंद हो जाएगा, सच कहा नेताजी ने, बिहार में शराब बंदी है तो क्या वंहा की सरकार ने चलना बंद कर दिया ये बात नेताजी से न पूछना, इधर एक साध्वी प्रज्ञा जी कह रही है कि थोड़ी मात्रा में दारू पियोगे तो वो औषधि बन जाएगी लेकिन ज्यादा पियोगे तो वो जहर बन जाएगी, उधर दूसरी साध्वी उमा भारती अपना अलग से झंडा बुलंद करे पड़ी है कि पूरे प्रदेश में शराब बंदी की जाए और इसके लिए वे अगले महीन आंदोलन भी शुरू करने वाली हैं द्य अपनी तो दरुओं को



एक ही सलाह है कि जितनी पी सकते हो पीलो, उठते बैठते, सोते जागते, आते जाते, बात करते चुप रहते, पीते चलो, अब तो घर में भी बार खोलने की परमिशन हो गयी है जो लोग शर्माते थे सार्वजनिक बार में जाने से उन्हें भी सहूलियत दे दी है इस सरकार ने, इसलिए दरुओ धकापेल पीओ और सरकार की जयजयकार करो ।

### अपनी इज्जत खुद गिरा ली कोरोना ने

दो टके की औकात रह गयी है इस कोरोना की न कोई मास्क लगा रहा है न कोई सेनेटाइज कर रहा है न सोशल डिस्टेंस का पालन कर रहा है रैलियां हो रही हैं, बाजारों में भरी भीड़ है, होटलों में टेबल खाली नहीं है, शादी ब्याह भी धड़ल्ले से हो रहे हैं, जितनी इज्जत कोरोना की आज से एक साल पहले थी वो सारी इज्जत उसने मिट्टी में मिला लीद्य कहते है न कि दामाद भी बार बार ससुराल जाता है या ससुराल में ही महीनों बना कहता है तो उसकी इज्जत धेले भर की नहीं रह जाती, ये ही कोरोना के साथ हुआ, दो महीने, चार महीने, छह महीने, एक साल बने रहते तो इज्जत बनी रहती पर तुमने तो ठिकाना ही बना लिया, जाने का नाम ही नहीं ले रहे तो जनता ने भी तुम्हे ठेंगे पर मारना शुरु कर दिया हाल ये हो गए हैं कि तुम खुद इतने कन्फ्यूज हो गए हो कि तुम्हें खुद ही नहीं पता है कि तुम्हे पीक पर कब आना है, कोई कह रहा है कि दो हफ्ते में तुम पीक पर पंहुच कर ख़त्म हो जाओगे, कोई बतला रहा हैं कि तुम्हार एक दूसरा भाई ओमीक्रॉन जो आजकल मार्किट में है वो तुम्हारा नाश करने आया है, तो कोई बतला रहा है कि तुम बने तो रहोगे लेकिन तुम्हें कोई दो पैसे को भी नहीं पूछेगा द्य भलाई इसी में है कि अपनी इज्जत बचाओ और चुपचाप यंहा से रुखसत हो जाओ वरना अब जनता तुम्हें रगड़ रगड़ के मारेगी और तुम कुछ न कर पाओगे, वेक्सीन तो लग ही गयी है तुम्हारी आधे से ज्यादा ताकत तो वैसे ही ख़त्म हो गयी है जो बची खुची है वो बूस्टर डोज ख़तम कर देगा इसलिए यही कहना है तुमसे कि और ज्यादा फटियल बन जाओ उसके पहले ही खिसक लो समझ गए न

# काश नेता जी भी ज्योति बुझाने वालों को माफ कर पायें... ?

### सूडोकु नवताल- 5963

✱✱✱✱✡ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5962 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

**भूपेन्द्र गुप्ता**

गोल पोस्ट बदलने में माहिर देश की ताजा राजनीति ने फिर से नेताजी सुभाष की प्रतिमा के और अमर जवान ज्योति को बुझाकर अन्य ज्योति में विलय करने जैसे मुद्दों को सामने लाकर नई बहस खड़ा करने की कोशिश की है।जिससे आगामी चुनाव में सामयिक मुद्दों पर चर्चा टाली जा सके।

सभी जानते हैं कि किंग जार्ज की मूर्ति जब 1968 में इंडिया गेट से हटाई गई थी तो माना गया था कि साम्राज्यवाद के प्रतीकों का यहां पर रहना उचित नहीं है। किंग जार्ज की मूर्ति यहां से हटाकर कोरोनेशन पार्क में लगा दी गई थी। तब यहां पर लगाने के लिए महात्मा गांधी की मूर्ति बनवाई गई थी। जो आज भी भारत सरकार के आर्काइव्स में रखी है ।जब इस मूर्ति को लगाने का विषय उठा तो बृहद विमर्श के बाद यह तय हुआ कि चूंकि वह छतरी कॉलोनियल आर्किटेक्चर का प्रतीक है इसलिए वहां गांधी जी की मूर्ति लगाना ठीक नहीं होगा।

1996 में नरसिम्हा राव सरकार में पुनः इस छतरी के उपयोग पर विचार हुआ और ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की एक समिति बनाई गई। देश के कई वास्तुविदों से प्रस्ताव मांगे गए और अंततः फिर यह तय हुआ कि इस कॉलोनियल आर्किटेक्चर के नीचे किसी राष्ट्रभक्त की मूर्ति लगाना उचित नहीं होगा जिसने ब्रिटिश कॉलोनियलिज्म के खिलाफ लड़ाई लड़ी हो। तत्कालीन सेनाध्यक्ष जनरल मलिक से भी विमर्श हुआ और उन्होंने भी वार मेमोरियल इस स्थान पर ना बनाने की राय दी और यह प्रस्ताव फिर से ठंडे बस्ते



में चला गया ।एक बार पुनःअटल जी की सरकार में भी यह फाइल खुली और अंततः इसी निष्कर्ष के साथ ठंडे बस्ते में डाल दी गई। हर बार जो तर्क सामने आया वह यही कि कॉलोनियल रिजीम के प्रतीकों के साथ आजादी का संघर्ष करने वाले महानायकों का मेल नहीं कराया जा सकता ।किंतु अब मोदी सरकार ने फैसला किया है कि इस छतरी के नीचे नेताजी सुभाष चंद्र बोस की सैल्यूट लगाते हुए प्रतिमा लगाई जाए। बार-बार कॉलोनियल आर्किटेक्चर के नाम पर महात्मा गांधी की मूर्ति स्थापित करने का फैसला रद्द किया गया जबकि उनकी मूर्ति तैयार हो चुकी थी। अब उसी छतरी के नीचे राष्ट्रभक्त नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति लगाई जा रही है जिसमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस की सेल्यूट की मुद्रा है क्या यह उचित होगा? नेताजी ने तो इस साम्राज्य के खिलाफ सशस्त्र लड़ाई लड़ी थी। इस छतरी के सामने प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में मारे गये सैनिकों का स्मारक है जिसमें भारतीय सैनिकों के लड़ाई में शामिल होने का नेताजी ने विरोध किया था।वह मेमोरियल भी कोलोनियल आर्किटेक्चर है। क्या नेताजी की भव्य प्रतिमा उनके गौरवपूर्ण योगदान को प्रतिष्ठित करने के लिये अन्यत्र नहीं स्थापित की जानी चाहिये,जहां बड़ा स्थान हो और जहां साम्राज्यवादी सरकार की छाया न हो।

वर्तमान सरकार सेन्ट्रल विस्टा बनाने के लिये तो इसे कोलोनियल आर्किटेक्चर और साम्राज्यवाद का प्रतीक मानती है किंतु राष्ट्रभक्त नेताजी सुभाष चंद्र बोस को उसी साम्राज्यवादी छतरी के नीचे खड़ा करने में उन्हें गुरेज नहीं है।एक ही स्थान और दो दर्शन।

बंगलादेश की आजादी का युद्ध दुनिया के सबसे चमत्कारी शौर्य का प्रतीक है जब हमने 13 दिन के छोटे से युद्ध में न केवल पाकिस्तान के दो टुकड़े कर करोड़ों बंगालियों को नरसंहार से बाहर निकाला बल्कि दुनिया के युद्ध इतिहास का सबसे बडा आत्मसमर्पण करवाया।जिसमें दुश्मन की 93 हजार सेना ने अपने जनरल (नियाजी) सहित हथियार डाले।इस महान युद्ध की याद में अमर जवान ज्योति की स्थापना 1972 में की गई थी। अमर ज्योति का अर्थ ही है कि ज्योति और शहादत दोंनों अमर हैं।बांगला देश की आजादी के 50साल अभी दिसंबर में ही पूरे हुये हैं और इस महान जीत की याद में स्थापित यह अमर जवान ज्योति अपनी स्थापना के 50 साल पूरे करने के चंद हफ्ते पहले ही बुझा दी या स्थानांतरित कर दी गई है।जैसे उसकी अमरता ही समाप्त कर दी गई हो।ऐसे मेमोरियल अगर विलय या स्थानांतरित किये जा सकते।

## उनकी तिजोरियाँ कब खुलेंगी?

**वेदप्रताप वैदिक**

पिछले 5-7 साल में हमारे देश में गरीबी और अमीरी दोनों का ही काफी तेजी से विकास हुआ हैं। यही सबका साथ है, और यही सबका विकास है। जब से नरसिंहराव सरकार ने उदारीकरण की अर्थ नीति चलाई थी और भारतीय अर्थव्यवस्था पर से सरकारी शिकंजे को ढीला किया था, देश के सबसे निचले 20 प्रतिशत गरीबों की आमदनी सालाना हिसाब से बढ़ती ही जा रही थी। इस 25-26 साल की अवधि में भाजपा और कांग्रेस की गठबंधन सरकारें भी आईं लेकिन गरीबों की आमदनी घटी नहीं जबकि 2020-21 में उनकी जितनी सालाना आमदनी थी, वह आधी से भी कम रह गई। उसमें 53 प्रतिशत की गिरावट हुई। यह गिरावट थी– 2015-16 के मुकाबले ! पांच सालों के दौरान देश के 20 प्रतिशत सबसे मालदार लोगों की आय में 39 प्रतिशत सालाना की वृद्धि हो गई है। ये आंकड़े एक ताजा खोजबीन से सामने आए हैं। कोरोना महामारी के प्रकोप ने इस गैर-बराबरी की खाई को और भी गहरा कर दिया है। देश के मालदार लोग विदेशों में बड़ी-बड़ी संपत्तियां खरीद रहे हैं, ज्यादातर बैंक लंबी-चौड़ी राशियों के जमा होने के विज्ञापन दे रहे हैं, उद्योगपति लोग देश और विदेश में नए-नए पूंजी-निवेश के अवसर ढूंढ रहे हैं। कइयों को यही समझ में नहीं आ रहा है कि छप्पड़ फाड़कर आई इस पूंजी का इस्तेमाल वे कैसे करें और दूसरी तरफ शहरों के मजदूर अपने-अपने गांवों में भाग रहे हैं। शहरों में या तो निर्माण-कार्य बंद हो गए हैं या जो चल रहे हैं, उनमें मजदूरी पूरी नहीं मिल रही है। सिर्फ सरकारी कर्मचारियों का वेतन सुरक्षित है लेकिन करोड़ों गैर-सरकारी वेतनभोगियों की आमदनी में काफी कटौती हो रही है। उन्हें अपना रोजमर्रा का खर्च चलाना दूभर हो रहा है। छोटे दुकानदार भी परेशान हैं। उनकी बिक्री घट गई है। नाइयों, धोबियों, दर्जियों, पेंटरों, जूता-पालिशवालों के लिए काम ही नहीं बचा है, क्योंकि लोग अपने-अपने घरों में घिरे हुए हैं। छोटे किसान भी दिक्कत में है। लोगों ने सब्जियों और फलों की खरीद घटा दी है। राजस्थान के प्रसिद्ध लोक कलाकार इस्माइल खाँ से एक बड़े समारोह में किसी मुख्य अतिथि ने पूछा कि सभी कलाकारों ने पगड़ी पहन रखी है लेकिन आपके सिर पर पगड़ी क्यों नहीं है? उन्होंने कहा कि कोविड काल में पहले मकान बिका, फिर बेटी की शादी का कर्ज माथे चढ़ा। अब पगड़ी का बोझ यह माथा कैसे सहेगा? इस्माइल खाँ की पत्नी ने पत्रकारों को बताया कि अब घर में कभी-कभी सब्जी बनती ही नहीं है। बच्चों को चाय में डुबो-डुबोकर रोटी खिलानी पड़ती है। पराठे की जिद करनेवाला बच्चा भूखा ही सो जाता है।

# माता-बहनो की परेशानी होगी दूर, घर-घर तक पहुँचाया जायेगा नल से जलः मुख्यमंत्री

### जनता के विकास के लिए प्रतिवद्ध है प्रदेश एवं केंद्र सरकारः केंद्रीय मंत्री

### मुख्यमंत्री ने मुरैना के कैलारस (सागोरिया पुरा) में आयोजित जल जीवन मिशन कार्यक्रम से जिले हेतु 880 करोड 57 लाख की लागत के कार्यों का भूमिपूजन किया






**मुरैना।** जिले के एक दिवसीय प्रवास पर आए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुरैना जिले के कैलारस (सागोरिया पुरा) में आयोजित जल जीवन मिशन कार्यक्रम से मुरैना, जौरा, दिमनी, अम्बाह, सुमावली एवं सबलगढ हेतु 527 करोड रूपये की लागत से 445 घर-घर, नल-जल योजनाओं का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही उन्होंने 353 करोड 57 लाख रूपये की लागत की मध्यप्रदेश सडक विकास निगम की चार सडकों का भूमिपूजन किया। जिसमें 178 करोड 87 लाख लागत से कैलारस से जौरा व्हाया पहाडगढ, मानपुर, पगारा मार्ग एवं 174 करोड 70 लाख रूपये की लागत से तीन मार्ग, पहाडगढ से सहसराम व्हाया मरा कन्हार, खुरजान मार्ग, नुराबाद, पढावली मार्ग से शनिचरा मार्ग, नेपरी से बृजगढी, व्हाया किशनगढ, कुकरौली मार्ग शामिल है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम से खेल परिसर निर्माण एवं सभामंच निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम से 300 समूहों एवं ग्रामीण पथ विक्रेता योजना के लाभार्थियों को 7 करोड 31 लाख रूपये की राशि का वितरण किया। जिसके अंतर्गत 81 समूहों को 1 करोड 60 लाख के सीएलएल का वितरण, ग्रामीण पथ विक्रेता योजना में 34 लाख 80 हजार की राशि का वितरण, गणवेश सिलाई में 5 करोड 14 लाख की राशि का वितरण, गेहूँ उपार्जन अधिलाभांश में 21 लाख की राशि का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा है कि आज हमने जल जीवन मिशन कार्यक्रम अंतर्गत मुरैना, जौरा, दिमनी, अम्बाह, सुमावली एवं सबलगढ हेतु 527 करोड लागत की 445 हर-घर, नल-जल योजनाओं का भूमिपूजन किया है। उन्होंने कहाँ माता-बहनो की परेशानी अब दूर होगी, घर-घर तक नल से जल पहुँचाने शीघ्र कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को आगे बढाने के लिए कई कार्यकम चला रहे हैं। पीएम सम्मान निधि के तहत किसानों को प्रत्येक वर्ष 2-2 हजार रूपये की तीन किश्त और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 2-2 हजार रूपये की दो किश्त इस प्रकार कुल 10 हजार रूपये की राशि दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास से वंचित नहीं रहेगा। सभी को आवास उपलब्ध कराये जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश में सर्वसुविधा युक्त एवं बेहतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने सीएम राइज विद्यालय खोले जायेंगे, जहाँ निजी विद्यालयों से बेहतर सुविधा प्रदान की जायेगी। मुख्यमंत्री ने सभी से आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पंजीयन कराने की बात कही। उन्होंने स्टेज से अधिकारियों को निर्देशित कर तीन महीने में योजना में पंजीयन से शेष बचे व्यक्तियों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा देश में निःशुल्क कोरोना का टीका उपलब्ध कराया है। उन्होंने लोगों से कहा कि अभी कोरोना गया नहीं है। कोरोना को लेकर लापरवाही न बरतें। सभी लोग दोनों टीके लगवायें। मास्क लगाएं और 60 साल से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक बूस्टर डोज जरूर लगवायें। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि महिला स्व-सहायता समूह को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहाँ समूहों की बहिनें स्कूलों की यूनिफार्म तैयार करेंगी। उचित मूल्य की दुकान और समर्थन मूल्य पर गेंहू, धान, चना आदि खरीदी का कार्य भी उन्हें दिया जाएगा। बच्चों के पोषण आहार का कार्य भी समूहों की महिलाओं को दिया गया है। मुख्यमंत्री ने सागोरिया में राशन दुकान खोलने एवं उसका संचालन महिला स्व-सहायता समूह को देने के निर्देश मंच से दिए। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं मुख्यमंत्री शिवराज के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनता के विकास के लिए प्रतिवद्ध है। केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने जौरा क्षेत्र के विकास के लिए मुख्यमंत्री द्वारा दी गई सौगातों हेतु उन्हें धन्यवाद एवं बधाई प्रेषित की गई।

### मुख्यमंत्री ने सागोरिया पुरा में पौधारोपण किया

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुरैना जिले के कैलारस (सागोरिया पुरा) में वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम में करंज का पौधा लगाया। उनके साथ केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, जिले के प्रभारी मंत्री भारत सिंह कुशवाह सहित अन्य उपस्थित अतिथियों ने भी वृक्षारोपण किया।

### सभास्थल पर आजीविका मार्ट का अवलोकन किया

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभास्थल पर बनाये गये आजीविका मार्ट पर स्वयं सहायता समूहो द्वारा निर्मित उत्पादों का अवलोकन कर समूह की दीदियों से निर्मित सामग्री के संवंध में जानकारी प्राप्त की। आजीविका मार्ट स्व-सहायता समूह के उत्पादों की बिक्री का ऑनलाइन पोर्टल है।

## सुनहरा हैड नहर में कार अनियंत्रित होकर गिरी, 2 युवकों की मौत

### राजस्थान के सैंपऊ से आई थी बारात, दो लोगों को सुरक्षित कार से बाहर निकाला




**कैलारस।** राजस्थान कै सैंपऊ से थाना सबलगढ़ क्षेत्र के ग्राम किशोरगढ़ में एक शादी समारोह में बोलेरो से सवार होकर आए लोगों की गाड़ी अनियंत्रित होकर सुनहरा नहर में गिर गई, जिसमें दो युवकों की मौत हो गई, जबकि 2 लोगों को बचा लिया गया। यह घटना सोमवार की सुबह 11 बजे के लगभग घटित हुई। सूचना मिलते ही पुलिस बल एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंचे और मृतकों एवं घायलों को निकलवाकर अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह 11 बजे के लगभग राजस्थान से कार में सवार 4 युवक सबलगढ शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए हुए थे, उनको जे पी पैलेस सबलगढ़ में ग्राम किशोरगढ वाले पंचम सिंह के यहां शादी में सम्मिलित होना था, तभी सुनहरा हैड के पास बोलेरो चालक से गाड़ी अनियंत्रित हो गई और नहर में चली गई, जिसमें सवार 2 युवक सौरभ पुत्र राजवीर तोमर उम्र लगभग 24 वर्ष निवासी ग्राम तिघरा ग्वालियर, सोनू पुत्र पप्पू सिंह परमार उम्र 28 वर्ष निवासी बरुआ सैंपऊ जिला धौलपुर राजस्थान कार के अंदर से निकल नहीं पाए और और उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं 2 अन्य लोगों को मौके पर मौजूद कृष्णा जादौन व हरीसिंह जादौन दोनों युवाओं ने नहर में कूद कर बचा लिया, जिन्हें इलाज के लिए सबलगढ़ अस्पताल मैं भर्ती कराया गया है। सिविल हॉस्पिटल में सबलगढ़ थाना प्रभारी मंगल सिंह पपोला और डॉक्टरों की टीम मौजूद रही। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शवों को भी बाहर निकाल शव का पीएम कराकर लाश परिजनों के सुपुर्द कर दी गई।

## शक्कर कारखाने को बचाने कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, दिया ज्ञापन



**कैलारस।** जिले के मुख्य शक्कर कारखाना को बचाने के लिए कांग्रेस विधायकों एवं पदाधिकारियों ने सोमवार को शक्कर कारखाने के बाहर प्रदर्शन किया एवं ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को दिया, जिसमें शक्कर कारखाना को चालू कराने की मांग की गई, जिससे जिले के किसानों को लाभ मिल सके। कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन के दौरान प्रदेश की भाजपा सरकार पर तमाम आरोप लगाए और कहा कि भाजपा के नेता इसे बेचने की कवायद में जुटे हैं, जबकि सरकार की नियत साफ हो तो यह कारखाना पुनः चालू हो सकता है तथा किसानों को लाभ मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। इस अवसर पर विधायक बैजनाथ कुशवाह, जौरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह सिकरवार, वरिष्ठ नेता पंकज उपाध्याय, सरायछोला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश परमार, मानवेंद्र सिंह सिकरवार गांधी सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## सीएम को काले झंडे दिखाने पर पूर्व प्रत्याशी उपाध्याय को पुलिस ने पीटा



**मुरैना।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कैलारस पहाड़गढ़ आगमन के दौरान जौरा विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी रहे पंकज उपाध्याय एवं उनके समर्थकों ने रास्ता रोककर काले झंडे दिखाने का प्रयास किया, जिस पर पुलिस ने उन्हें जमकर पीटा एवं उपाध्याय को थाने ले गई। कांग्रेसी नेता एवं उनके समर्थक शक्कर कारखाने को बेचने का विरोध कर रहे थे। सोमवार की दोपहर को पहाड़गढ़ थाना क्षेत्र के सागोरिया का पुरा में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आगमन हुआ। इससे पूर्व जौरा विधानसभा से काग्रेस प्रत्याशी रहे पंकज उपाध्याय एवं उनके समर्थकों ने पहाड़गढ़ रोड पर मुख्यमंत्री के काफिले को काले झंडे दिखाएं और मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे, तभी पुलिस बल ने उन्हें घेर कर लाठियों से पीट डाला। पंकज उपाध्याय एवं उनके समर्थक शक्कर कारखाना बेचने का विरोध कर रहे थे। पुलिस द्वारा श्री उपाध्याय को थाने ले जाया गया, जबकि अन्य समर्थकों को खदेड़ दिया गया। श्री उपाध्याय पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक किए गए लाठीचार्ज पर कांग्रेसी नेताओं ने आपत्ति जताते हुए पुलिस प्रशासन की कड़ी निंदा की है।

## शिक्षा से बढता हैं आत्म विश्वास : तोमर



**मुरैना।** घुमक्कड समाज को सामाजिक कुरीतियों से निकालकर विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिऐ म.प्र. महिला वित्त एवं विकास निगम भोपाल के सहयोग से चंदन वसुंधरा ग्रामोत्थान एवं सहभागी विकास समिति दिमनी मुरैना द्वारा जागृति शिविर आयोजित किया गया। शिविर के माध्यम से समाज में जनजागृती लाने के लिये शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, बाल अपराध, आत्म सम्मान व आत्मविश्वास को जगाने के लिए समृद्धि ड्रामा कम्पोजिट ग्रुप ग्वालियर के कलाकारों द्वारा गीत एवं नुक्कड नाटक में अभिनय के द्वारा किशोर किशोरियों बच्चें एवं महिलाओं को जागरूक किया गया। यह आयोजन अम्बाह विकास खण्ड के रानपुर, गोठ, ग्यासीपुरा, लंगडिया, वित्त का पुरा, दोहरी ग्राम में किया गया। जागृति शिविर, नुक्कड नाटक के सफल आयोजन में समाज के प्रबुद्धजन, आशा, आगनवाडी कार्यकर्ता, शिक्षकों ने भी अपने विचार रखें। मुकेश छारी शिक्षक ने कहा कि वर्ग विशेष के उत्थान हेतु शिक्षा जागरूकता और आत्म विश्वास विकास का मूल मंत्र हैं। सतीश छारी ने कहा कि सरकार की योजनाओं से समाज कों आत्म स्वावलम्बी बनाया जा सकता हैं। एकल महिलाओं स्वास्थ्य एवं अजीविका हेतु पेशन एवं खाद्य सुरक्षा मिल। कुसुम छारी ने कहा कि हमारी बेटियों को रोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण से प्रशिक्षित करें, जिससे उनका आत्म विश्वास मजबूत हो सके। आयोजन में समाज के लगभग 5 सैकडा महिला, पुरूष, किशोर व किशोरियों ने सहभागिता कर जानकारी प्राप्त की। चंदन वसुन्धरा ग्रामोत्थान एवं सहभागी ग्रामीण विकास समिति के संचालक भीकम सिंह तोमर ने सभी का धन्यवाद एवं आभर प्रकट करते हुए कहा कि हमारा आत्म विश्वास जागरूकता ही हमें सम्मान दिला सकती हैं। इसे प्राप्त करने के लिए बालक-बालिकाओं का बराबरी के अवसर देते हुये उन्हें आत्म निर्भर बनाने के लिये उच्च शिक्षा दिलाने के लिए अवसर प्रदान करें।

# सीहोर फिल्मांकन के लिए उपर्युक्त शहर व्हाट्स ए किस्मत फ़िल्म की शूटिंग यहीं होगी: डायरेक्टर मोहन आज़ाद

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**सीहोर।** मैं पहली बार यहां आकर अभिभूत हूं। सीहोर और उसके आसपास की लोकेशन एक सार्थक फ़िल्म बनाने के लिए उपर्युक्त है। इसके अलावा यहां के युवाओं को प्रोत्साहन और फ़िल्म लेखन से जोडने़ के लिए शीघ्र ही वर्कशाप आयोजित की जाएगी।

यह विचार सोमवार को मुंबई से आये मशहूर फिल्म डायरेक्टर, एक्टर, स्क्रिप्ट रायटर और रंगकर्मी श्री मोहन आजाद ने स्थानीय रुक्मणी गार्डन में पत्रकारों के साथ सौजन्य मुलाकात में व्यक्त किये। इस अवसर पर अनेक गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

पत्रकार वार्ता के प्रारंभ में साहित्यकार और सूत्रधार श्री शैलेश तिवारी ने श्री मोहन आज़ाद के व्यक्तित्व व कृतित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। तत्पश्चात जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री राकेश राय ने श्री आजाद का शॉल ओढ़ा कर, बुके और श्रीफल भेंट कर सभी पत्रकार साथियों की ओर से सम्मान किया।

अपने सम्मान के प्रति उत्तर में श्री आजाद ने कहा कि वह यहां आकर और लोगों के असीम स्नेह से अभिभूत हैं। अगर आप सभी का सहयोग मिला तो फ़िल्म निर्माण में स्थानीय प्रतिभाओं को भी भरपूर अवसर मिलेगा। श्री आजाद ने कहा कि मुंबई से मेरे साथ आये शैलेंद्र गोहिया और विक्रांत मुझ से काफी लंबे समय से जुड़े हुए हैं। शैलेंद्र का आग्रह था कि एक बार सीहोर की विजिट की जाए। इस तरह यहां आने का कार्यक्रम बन गया।

उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति के पास उसके दिमाग में कोई न कोई कथा कहानी




रहती है। उसे कागज पर उतारना ही सबसे बड़ी कला है। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी व्यक्ति को प्रभावित करने के लिए आपके पास उद्देश्य होना जरूरी है। साथ ही साफगोई और पारदर्शिता होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने अपनी जीवन यात्रा तथा फ़िल्म लाइन के अनुभव के बारे में भी बेहद प्रभावी ढंग से उपस्थितों को बताया। श्री आजाद ने अंत में उन्हें यहां बुलाने के लिये आयोजक संस्था अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता संग्रहालय एवं शोध संस्थान तथा उपस्थित जनों के प्रति आभार जताया।

इस अवसर पर स्वागत करने वालों में सर्वश्री इंजीनियर बाबा, श्री बलजीत ठाकुर, श्री राजकुमार गुप्ता, श्री शैलेंद्र श्रीवास्तव, रुक्मणी गार्डन के संचालक श्री जगदीश कुशवाह, श्री रमेश गोहिया, जॉली कुरियन, डॉ. गिरीश जोशी, डॉ. भरत आर्य, आकाश माथुर, जुगल किशोर पटेल, अखलेश गुप्ता, एआर शेख मुंशी, आशीष गुप्ता, पुरुषोत्तम मीणा, जोरावर सिंह, संतोष कुशवाह, संतोष सिंह, वृंदा विश्वकर्मा, जिला नेहरू युवा केंद्र की जिला समन्वयक निक्की राठौर, सुरेंद्र रल्हन, अजय अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, पंकज शर्मा, रंगकर्मी रवि गर्ग, भोपाल, कन्हैया भाई संत, हिरदाराम नगर, वरिष्ठ पत्रकार खालिद खान भोपाल, रईस भाई, देवऋषि, हिमालय, पल्लव पांडे, सुरेश राठौर, संजय त्यागी, राजेश गुप्ता, सुरेश सोनी आदि उपस्थित थे।

अवसर पर सहभोज का आयोजन भी किया गया था। अंत में सभी उपस्थितों के प्रति आभार प्रदर्शन रोटरी क्लब के सचिव शैलेंद्र श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।

## पत्रकार अजय राज सक्सैना को षडयंत्र पूर्वक फसाए जाने को लेकर सभी पत्रकारों ने मिलकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** - ख़बर शिवपुरी से है जहां अभी कुछ दिन पहले ही तथाकतित पत्रकार अजयराज सक्सैना पर हुए 420 और एससीएसटी एक्ट मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया गया था। जो की एक षडयंत्र पूर्वक फसाए जाने की राजिश है। वहीं आपको बता दें की आज कलेट्रेट परिसर में सभी पत्रकार मिलकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिसमे उल्लेख था कि अजय राज सक्सैना जो कि पेशे से पत्रकारिता करते हैं जिस पर पर झूठा प्रकरण दर्ज करा दिया गया है। अजय राज सक्सैना अभी कुछ माह पूर्व फायनेंस कंपनी का काम लेकर आए थे और उसी कंपनी का काम कर रहे थे। जगतसिंह आदिवासी निवासी अर्जुन गंवा ने एक गाड़ी फायनेंस करवाई थी जिसकी कुछ किस्तें तो दी लेकिन बाद में किस्ते चुकाना बंद कर दी।जिसके चलते कंपनी के कर्मचारियों ने कई बार किस्त के लिए चकर काटे लेकिन उसने देने से इंकार कर दिया। जिस पर उसकी बाइक सीज कर दी गई। जिसका बदला लेने के लिए जगतसिंह ने थाने में झूठा शिकायती आवेदन दिया जिसकी पुलिस ने बिना जांच-पड़ताल किए केस दर्ज कर लिया। वहीं इस पूरे मामले निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

### परेड में एनएसएस, स्काउट-गाइड व शौर्यादल शामिल नहीं होंगे, जिला मुख्यालयों पर ही होगी परेड

सभी जिलों में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस गरिमामय तरीके से मनाया जाएगा। राज्य शासन ने इस वर्ष कोरोना संक्रमण को देखते हुए परेड में एनएसएस, स्काउट-गाइड व शौर्यादल को शामिल नहीं करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सभी विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त, कलेक्टर्स और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार बैतूल में में झंडा फहराएंगे। शिक्षण संस्थाओं में कार्यालय प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण, राष्ट्रगान का आयोजन किया जाएगा। इसमें कक्षा 1 से 10वीं तक के बच्चे शामिल नहीं होंगे।

## ग्राम पंचायत अमाहा में धूमधाम से मनाया गया आनन्दोत्सव

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह।** मध्यप्रदेश शासन के अध्यात्म विभाग के अर्न्तगत संचालित राज्य आनंद संस्थान के निर्देशन में सोमवार को दबोह क्षेत्र की ग्राम पंचायत अमाहा में सम्मिलित पँचायतो का आनंद उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।इस दौरान अमाहा,विजपुर व मारपुरा पँचायत का सम्मिलित आनंद उत्सव मनाया गया।जिसमे मुख्यातिथि के रूप में सुरेश कुमार लहारिया(पीसीओ) मौजूद रहे तो वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता अमाहा पँचायत की सरपंच बैकुंठी पचौरी ने की।आनन्द उत्सव कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन साथ की गयी।कार्यक्रम में बच्चो महिलाओं ने भजन गाकर आनंद उत्सव में मनमोहक प्रस्तुति दी।तो वहीं बच्चो को खेल-कूद के बारे में भी बताया व योग से क्या क्या फायदे होते हैं उसके बारे में बेहतर जानकारी दी गई।वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में




मौजूद सुरेश कुमार लहारिया ने कहा कि आनंद उत्सव का मुख्य उद्देश्य सभी लोगो में खुशहाली एवं उत्साह को बढ़ाना है,इस दौरान बच्चो का मनोबल बढ़ता है और उनको प्रोत्साहन मिलता है।इस मौक़े पर अमाहा पँचायत से सरपंच बैकुंठी पचौरी, सचिव अशोक पाराशर, सहायक सचिव विनीता कौरव, मारपुरा सरपंच हरगोविंद बघेल,सहायक सचिव मुरारीलाल शर्मा व सहायक सचिव मारपुरा, रामप्रकाश पचौरी(दादा),सतीश पचौरी,मुन्नालाल कौरव,महेश श्रीवास्तव,साहब सिंह कौरव, शिशुपाल सिंह कौरव,रामकिशोर कौरव,पातीराम कुशवाह,विधाराम दौहरे,राजेश कौरव,गब्बर ठेकेदार,रामकेश वंशकार,अशोक कुशवाह,आशीष ओझा आदि ग्रामवासियों के साथ ग्राम पंचायत की महिलाएं मौजूद रहीं।

## पुलिस पर लापरवाही बरतने का अनुसूचित जाति कांग्रेस ने आरोप लगाया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** आज कलेक्ट्रेट में अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सत्यपाल अगरैया के नेतृत्व में ग्राम अकहा के बृजेंद्र जाटव पुत्र बहादुर जाटव को पुलिस प्रशासन के द्वारा लापरवाही के द्वारा जेल में खत्म कर दिया गया एवं आज दिनांक तक उनके परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र भी नहीं मिला है और पुलिस प्रशासन के द्वारा उमरी थाना के द्वारा उनको परेशान किया जा रहा है एवं अभी तक उनको कोई भी मुआवजा नहीं दिया गया है एवं इस संदर्भ को लेकर भिंड कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया ज्ञापन में अकहा गांव के समस्त ग्रामवासी एवं कांग्रेस के पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह, भिंड के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ राधेश्याम शर्मा ,नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष विनोद जाटव, जिला उपाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, विवेक पचौरी, सेवादल जिला अध्यक्ष रीना भदोरिया,रेखा भदोरिया, कमलेश जाटव, आनन्द शाक्य हिम्मत जाटव, अनीश कुरैशी, पिंटू शर्मा, कुलदीप शर्मा, अरविंद सोनी, अमित शिवहरे, दर्शन सिंह तोमर, एवं समस्त कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डा. एच.पी. सिंह पर राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विवि के कुलपति डॉ. एस. के. राव की विशेष कृपा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एस.के. राव का एच.पी.सिंह पर विशेष कृपा है इसलिए तो मंदसौर में उद्यानिकी महाविद्यालय में पोस्टिंग होने के बाबजूद ग्वालियर में उन्हें विभिन्न पदों पर बैठाया है। फिर चाहे शासन के नियमों की अवहेलना ही क्यों न हो प्रो. राव के लिए तो सिंह साहब जरूरी है।

मजेदार बात तो यह है कि कुलपति साहब के लिए एच.पी. सिंह होना जरूरी इस बात से भी पता चलता है कि मंदसौर में उद्यानिकी महाविद्यालय में एस.पी. सिंह के स्थान पर अतिरिक्त अतिथि शिक्षक अपाइंट करना पड़ा है। इसके चलते खर्चें का अतिरिक्त भार महाविद्यालय पर पड़ रहा है जिसके कारण महाविद्यालय को आर्थिक नुकसान तक उठाना पड़ रहा है। एस.पी. सिंह की भी बल्ले-बल्ले है, क्योंकि ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में उन पर कुलपति मेहरबान है। अनेकों पदों से सुशोभित सिंह साहब अपने मुताबिक स्वयं को और अपने लोगो को लाभ देने का कार्य कर रहे है वर्तमान में विज्ञापित पदो मे होने वाली भर्ती की आरक्षण प्रक्रिया में चहेतो को लाभ देने की मंशा से न्यायालय के निर्देश का भी पालन नहीं किया है वहीं



डॉ. एच. पी. सिंह
कुलपति के विशेष कृपापात्र

कुलपति डा. एस.के. राव का भी इसमे अपना कोई स्वार्थ ही होगा, जिसके चलते एच.पी. सिंह जरूरी है। ऐसा क्या है कि सभी कार्य डा. एच.पी. सिंह से कराए जा रहे है ?

क्या अपना घोरखधंधा व काला पीला करने के चक्कर में कुलपति साहब ने सिंह को यहां जबरन बैठाया है। जबकि इनकी मूल पोस्टिंग मंदसौर के उद्यानिकी महाविद्यालय में है। एच.पी. सिंह की चयन प्रक्रिया में भी मंदसौर के लिए ही पोस्टिंग की गई। इनकी पोस्ट नोन ट्रांसफर पोस्ट है। फिर भी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एस.के. राव की विशेष मेहरबानी से अनेकों चार्ज इनको दिये हुये हैं जैसे डिप्टी रजिस्ट्रार, असि. रजिस्ट्रार जनरल, असि. रजिस्ट्रार अकेडमिक, असि. रजिस्ट्रार लीगल, पब्लिक इनफोरमेशन आफिस, इंचार्ज सीपीसी ट्रायल, इंचार्ज पीएमई सेल, सेवरल कमेटीस, डिप्टी डायरेक्टर रिसर्च। अब इस विश्वविद्यालय का भगवान ही मालिक है। हमारे पत्रकार द्वारा कुलपति को कॉल कई बार किया गया लेकिन कॉल नही उठाया गया कोई जवाब नही आया

### इनका कहना है

में अभी नया नया आया हु मुझे कोई जानकारी नहीं है।

**कुल सचिव**




## भाजपा का छिपा ऐजेंडा



कैलारस में बूथ विस्तारक के नाम पर धाकड़ समाज का वोट बैंक साधने आए मुख्यमंत्री शिवराज* कैलारस से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को कैलारस के सागौरिया में पहुंचे। वहां उन्होंने धाकड़ समाज के बूथ विस्तारक के यहां भोजन किया। उनकी सभा की तथा बूथ विस्तारक योजना की सभा की। इस मौके पर उन्होंने तीन सड़कों का भी भूमि पूजन किया। उनके यहां आने का मुख्य उद्देश्य धाकड़ समाज को साधना था क्योंकि आगामी चुनाव में उनके असहयोग की आशंका जताई जा रही थी।

इस मौके पर उन्होंने 353.57 करोड़ रुपए की चार सड़क का भूमि पूजन भी किया तथा जल जीवन मिशन के तहत नल योजना का भी भूमि पूजन किया। इस मौके पर उनके साथ केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, जौरा विधायक सूबेदार रजौदा, प्रभारी मंत्री भारत सिंह कुशवाह मुख्य रुप से मौजूद रहे। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री यहां धाकड़ समाज को साधने आए थे। इसलिए उन्होंने बूथ विस्तारक योजना के तहत धाकड़ समाज के लोगों की सभा की। इतना ही नहीं धाकड़ समाज के एक व्यक्ति के यहां भोजन किया। इस पूरे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य येन-केन प्रकारेण धाकड़ समाज को साधना था क्योंकि आगामी चुनाव में उनके वोट भाजपा के लिए बेशकीमती बताया जा रहा है *शक्कर कारखाना बंद कराने के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन एक तरफ मुख्यमंत्री मंच से महिलाओं को बता रहे थे कि नल-जल योजना के लागू होने के बाद आपकी घरों की टोटियों में पानी आने लगेगा, दूसरी तरफ कांग्रेस नेता पंकज उपाध्याय के नेतृत्व नें कांग्रेसी शक्कर कारखाना बचाओ का नारा लगाकर प्रदर्शन कर रहे थे। कांग्रेसियों का कहना है कि इस कारखाने के बंद होने के बाद सैकड़ों लोग बेरोजगार हो जाएंगे और किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा। कांग्रेसी मुख्यमंत्री को इस मांग को लेकर ज्ञापन सौंपना चाहते थे लेकिन पुलिस ने उनको पुलिस गाड़ी में बंद कर जबरन वहां से खदेड़ दिया ।

## जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा ने नए मेंबर्स के लिए किया वेलकम पार्टी का आयोजन



जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा ने 23 जनवरी को मातोश्री होटल सुभाष चंद्र बोस की जयंती और न्यू मेंबर के लिए एक वेलकम पार्टी का आयोजन किया जिसमें अध्यक्ष जेसी आशु अग्रवाल ने बताया की पार्टी करने का उद्देश्य यह है कि सभी सदस्य एक दूसरे को आपस में जान लेंगे जिससे आगे के प्रोग्राम करने में सुविधा रहेगी और सबके मनोरंजन के लिए हाउ जी और कुछ सरप्राइज गेम खिलाए गए और उनको फर्स्ट सेकंड थर्ड विनर आने वालों को पुरस्कार भी दिए गए और सब ने खूब डांस और मस्ती की और साथ में खाने का आनंद भी लिया फिर सब को रिटर्न गिफ्ट भी दी गई और 2021 की अध्यक्ष जैसी स्मिता सिंगल सचिव जेसी तनुजा गर्ग और आईपीपी जेसी प्रियंका शिवहरे को भी विदाई स्वरूप गिफ्ट दी गई और 2021 मैं मीडिया प्रभारी के रूप में अपनी जिम्मेदारी को अच्छी तरह से निभाने के लिए जेसी नीतू जैन का सम्मान किया और जी जे बिंग का चेयर पर्सन जेसी आर्यन जैन को बनाया गया और साथ ही गिफ्ट भी दी गई और मंच का संचालन जेसी रिजवाना खान ने बहुत अच्छे से किया कार्यक्रम में उपस्थित जी सी संध्या अग्रवाल जेसी अंजना अग्रवाल जेसी रुचि मंगल जेसी रानी गोयल जेसी संध्या मित्तल जेसी कमलेश सक्सेना जेसी नीता श्रीवास्तव जेसी प्रियंका गुप्ता जेसी तृप्ति अग्रवाल जेसी शारदा बंसल जेसी दुर्गेश गुप्ता जेसी चेतना अग्रवाल जेसी भारती जैन आदि प्रोग्राम में उपस्थित थे फिर कार्यक्रम के अंत में जैसी रश्मि गोयल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# कोविड की तीसरी लहर से निपटने के लिए जनप्रतिनिधियों का लेंगे सहयोगः डॉ मिर्धा

### स्वास्थ्य भवन में जिले के जनप्रतिनिधियों की ओर से सम्मान समारोह आयोजित

**नेनाराम सीरवी/पाली**

**पाली/** सीएमएचओ डॉ. आरपी मिर्धा ने कहा कि कोविड की तीसरी लहर से निपटने के लिए सभी का सहयोग लिया जाएगा । इसके लिए अधिक से अधिक सेपलिंग करवाई जाएगी । वे सोमवार को जिले के जनप्रतिनिधियों की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता चिकित्सा विभाग के राष्ट्रीय कार्यक्रमों में शत - प्रतिशत उपलब्धि हासिल करना रहेगा । जानकारी के अनुसार हाईकोर्ट के आदेश पर निलंबन की रोक के बाद डॉ आरपी मिर्धा ने शुक्रवार को सीएमएचओ का पदभार संभाल लिया। सोमवार को सीएमएचओ डॉ आरपी मिर्धा के स्वागत के लिए पाली जिले भर के दर्जनो जनप्रतिनिधि स्वास्थ्य भवन पहुंचे तथा डॉ मिर्धा का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया । इस मौके पर सीएमएचओ डॉ . आरपी मिर्धा ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों का आभार जताते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में जो सहयोग मिला है उसके लिए वे पाली जिले को कभी भी नहीं भूल पाएंगे । साथ ही आगे भी ऐसा ही सहयोग मिलता रहे इसी की कामना की । उन्होंने कहा कि वे सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगे । इस अवसर पर पाली जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र लहर, यूथ कांग्रेस नेता विजय पूनिया ,



बलाडा सरपंच जोगाराम भबू, मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बसंत चौधरी, मोहरा आश्रम के संत शिरोमणि सुरेंद्र दास जी, किसान नेता विजेंद्र सिंह चौधरी, निमाज आश्रम के तेजाराम महाराज, वेलफेयर सोसायटी के रहमानजी , रावीसिंह पाटवा , जैतारण पार्षद श्यामलाल ठाकराल , सीएचए अध्यक्ष नौरतजी गहलोत , समाजसेवी जसाराम जाट , कैलाश चौधरी , पाली पंचायत समिति सदस्य विजय जोशी , लक्ष्मणसिंह , नारायणलाल , बाबूलाल , रूपावास सुरेश बजारा , भागेसर सरपंच हबीब खान , बोमादडा सरपंच जोगाराम , चोपड़ा सरपंच खेताराम चौधरी, चंडावल के दिलीप सिंह चौधरी, लाविया के मदनलाल मेघवाल , कुरणा के लाबूराम , अशोकसिंह , मदनसिह , अमाजत खान सहित सोजत व जिले भर के बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों , चिकित्साकर्मियों ने माला पहना कर स्वागत किया सीएमएचओ डॉ मिर्धा ने स्वास्थ्य भवन में पधारे सभी जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारी अधिकारियों का आभार भी प्रकट किया।

# सरकार द्वारा कैबिनेट की बैठक में मंजूर नई आबकारी (शराब) नीति के फैसले को वापस लिए जाने के लिए आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन



**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** - खबर शिवपुरी से है जहां आज कलेक्ट्रेट में आम आदमी पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया है जिसमे मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 18 जनवरी को कैबिनेट की बैठक में प्रदेश राज्य के लिए एक नई आबकारी(शराब) नीति को मंजूरी प्रदान कर दी गई है जो की 1 अप्रैल से पूरे प्रदेश में लागू हो जायेगी। वहीं जहां पहले बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने मध्यप्रदेश की जनता से वादा किया था कि मध्यप्रदेश में नशे को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा और हम मध्यप्रदेश में पूर्ण शराब बंदी लागू करेंगे, वहीं दूसरी ओर इस नई आबकारी नीति के माध्यम से पूरे प्रदेश की जनता, खासकर गरीबों को नशा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। नई आबकारी नीति जिसमे आपकी सरकार शराब पर लगने वाले टैक्स में भारी कमी कर रही है। प्रदेश के युवाओं को और गरीबों को शराब नशे की लत के लिए प्रेरित करेंगी। आपकी नई आबकारी नीति में सरकार ने घर में शराब रखने की पुरानी लिमिट से भी 4 गुना अधिक शराब रखने की छूट प्रदान कर दी है। आम आदमी पार्टी यूथ विंग के अध्यक्ष अंकित धाकड़ छोरा ने बताया की सरकार द्वारा यह जो फैसला लिया गया है वह आम आदमी और गरीब आदमी के हितों के लिए बिल्कुल भी लाभप्रद नहीं है इससे समाज में गलत असर पड़ेगा प्रदेश सरकार जल्द से जल्द इस फैसले को बदलें नहीं तो आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और यूथ विंग मिलकर शहर में एक बड़ा आंदोलन करेंगे और सरकार को मुंहतोड़ जवाब देंगे

# ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया राष्ट्रीय बालिका दिवस



**नेनाराम सीरवी। पाली**

**पाली।** निकटवर्ती पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत साकडडा भावरी डेण्डा आदि सहित अलग-अलग स्थानों पर राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। भावरी मैं राष्ट्रीय बालिका दिवस आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भांवरी में रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य नंदलाल बारोलिया, शारीरिक शिक्षक योगेंद्र शर्मा,व्याख्याता सवाई सिंह राजपुरोहित, उर्मिला जोशी, मीनाक्षी परमार, अध्यापक जवान मल, राजेश कुमार और मीना मंच प्रभारी सीमा शर्मा उपस्थित रहे।

### सीएमओ सतीश कुमार दुबे के द्वारा नगर में पहली बार आनंद उत्सव कार्यक्रम मनाया गया।

आज नगर पालिका परिषद गोहद द्वारा नगर पालिका प्रांगण में आनंद उत्सव कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमे लोगो ने ढोलक बाजे से लोक गीता का आनंद लिया कार्यक्रम का शुभारंम आकाश त्यागी नोडल अधिकारी स्वच्छता के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित कलाकारों को माला पहना कर किया गया। गायक कलाकारो में दिनेश ढोलक मास्टर, रायसिंह, गायक कलाकार, संतोष यादव, मालिखन यादव, रामप्रसाद, किशोरी, क़क्का, बलवीर, पप्पू, वीरू, मन्नी,जयप्रकाश, ने एक के बाद एक प्रस्तुति दी।लोगो ने जमकर कार्यक्रम का आनंद लिया।



# खतौरा शासकीय हॉस्पिटल मैं युवक ने लगाया इलाज न करने का आरोप!



**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**संजीव शर्मा खतौरा**

मामला शिवपुरी जिले के खतौरा शासकीय हॉस्पिटल का है जहां एक स्थानीय युवक राजकुमार ओझा निवासी खतौरा ने शासकीय हॉस्पिटल के स्टाफ पर उसके दादाजी का इलाज ना करने का आरोप लगाया है राजकुमार ने बताया की वह आज उसके दादाजी को लेकर शासकीय हॉस्पिटल पहुंचा था स्टाफ के लोग उस समय हॉस्पिटल के बाहर धूप में बैठे थे राजकुमार ने स्टाफ के लोगों से कहा कि उसके दादाजी का स्वास्थ्य खराब है उनको देख लो लेकिन मौजूद स्टाफ के लोगों ने बोला की अभी डॉक्टर साहब नहीं है आप इंतजार करो राजकुमार 2 घंटे तक बिना इलाज कराए ही वहां से वापस लौट आया और प्राइवेट क्लीनिक पर उसने दादाजी का इलाज कराया !

### इनका कहना है



खतौरा में कोई डॉक्टर पदस्थ नहीं है इसलिए लोगों को ऐसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है !

**बीएमओ बदरवास**

# एक बूथ पांच यूथ तैयार करना हमारी पहली प्राथमिकता- अवस्थी

### जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष ने पदाधिकारियों के बांटे नियुक्ति पत्र

**पन्ना -गुनौर ।** युवक कांग्रेस आलाकमान द्वारा जो पूरे प्रदेश में एक बूथ पांच यूथ बनाए जाने का निर्देश दिए गए हैं उसको पन्ना जिले में पूरा करना हम सब युवक कांग्रेस साथियों की पहली प्राथमिकता है जिले के हर बूथ पर जब हमारा कार्यकर्ता तैयार हो जाएगा तो हमें आगामी होने वाले चुनाव में उनके सहयोग से सफलता मिलेगी उक्त आशय की बात जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी ने दिनांक 24 जनवरी 2022 गुनौर में विधानसभा इकाई की बैठक लेते हुए कहीं इस अवसर पर जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष श्री अवस्थी ने नवनियुक्त पदाधिकारी बृजभान पटेल युवक कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष सहित सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्रों का वितरण भी किया आयोजित बैठक में गुनौर विधानसभा युवक कांग्रेस अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह सनी राजा ने अभी तक जो युवक कांग्रेस के द्वारा काम किए गए हैं उस को विस्तार के साथ बताया आयोजित बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जय नरेश द्विवेदी, बद्री पटेल जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, संजय तिवारी, अंगद प्रजापति, केशरी अहिरवार, अंकित राय, पिंकू सिद्दीकी, अरविंद सोनी, नरेश कुशवाहा, नदीम खान, सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।



# एक्सीडेंट किया ट्रक चंद घंटों में अजय गढ़ पुलिस ने पकड़ा

दिनांक 23/01/ 2022 को रात्रि करीब 8ः00 बजे जरिए मोबाइल फोन थाना अजयगढ़ पर सूचना प्राप्त हुई की वीरा रोड क्रेशर के पहले ट्रक से मोटरसाइकिल का एक्सीडेंट हो गया है जो एक्सीडेंट से मौके पर एक व्यक्ति की मौत हो गई है तथा 1 घायल है जो प्राप्त सूचना की तस्दीक हेतु थाना अजयगढ़ से पुलिस टीम रवाना होकर तत्काल मौके पर पहुंची घायल को इलाज हेतु सीएचसी अजयगढ़ रवाना किया गया तथा मृतक का मर्ग कायम कर शव पंचनामा कार्यवाही कर रात्रि होने से शव को शव विच्छेदन गृह में रखवाया गया एक्सीडेंट की सूचना की जानकारी थाना प्रभारी निरी हरि सिंह ठाकुर द्वारा पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना को दी गई पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी अजयगढ़ बीएस परिहार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी





के नेतृत्व में एक्सीडेंट किए हुए अज्ञात ट्रक एवं ट्रक चालक को पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया ।थाना प्रभारी द्वारा थाना बल से सीसीटीवी कैमरे की फुटेज एवं राहगीरों की मदद से चंद घंटों में एक्सीडेंट किया हुआ ट्रक रब्बा9 ॥ 6201 एवं चालक को घेराबंदी कर पकड़ा गया । मामले में अपराध क्रमांक 39/2022 गैर इरादतन हत्या का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया । मामले में उक्त ट्रैक को घेराबंदी कर पकड़ने में निरी हरि सिंह ठाकुर उपनिरीक्षक स्मिता सिंह, सहायक उपनिरीक्षक रामअवतार पटेल , प्रधान आर. संतोष तोमर ,वृषकेतु रावत आरक्षक नरेंद्र अहिरवार ,ओम प्रकाश अहिरवार ,तरुण वर्मा का सराहनीय योगदान रहा ।

**पन्ना जिला ब्यूरो**
**गौरीशंकर कुशवाहा**

# शिशुपाल अहिरवार परिक्षेत्र अधिकारी ने किया शिकारीयों के मंसूबों को नाकाम

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे न्यूज बालाघाट**

जिले की लांजी तहसील अंतर्गत वन परिक्षेत्र पुर्व में दिनांक 23 जनवरी 2022 की रात्रि लगभग 9ः00 बजे वनपरिक्षेत्र अधिकारी शिशुपाल अहिरवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि नेवरवाही बीट के अंतर्गत आने बाले वनक्षेत्र से गुजरने वाली 11 केवी विद्युत लाइन जो नेवरवाही से होकर पुजारीटोला और वर्धा के लिए जाती है। उसके मध्य शिकारियों के द्वारा पुजारीटोला ग्राम के समीप जंगल, और राजस्व क्षेत्र में करंट बिछाया गया है। जिसके आधार पर तत्काल वन परिक्षेत्र अधिकारी के द्वारा टीम का गठन करते हुए सर्वप्रथम मौके से बीटगार्ड नेवरवाही ,बीटगार्ड वर्धा ,और बीटप्रभारी धीरी को मौका स्थल के लिए रवाना किया एवं वन अमला मौके पर पहुंचकर देखा गया कि पुजारीटोला गांव के समीप खेतों से लेकर वर्धा जाने वाली जंगल के रास्ते में 11 केवी विद्युत लाइन के सहारे शिकारियों के द्वारा जीआई तार ,और बांस की खूंटीया की सहायता से लगभग 02 से 03 किलोमीटर लंबा, जीआई तार की सहायता से करंट वन्य प्राणियों के शिकार के लिए फैलाया गया था 7 जिसके पश्चात वनपरिक्षेत्र अधिकारी पूर्व लांजी शिशुपाल अहिरवार अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और सर्वप्रथम दूरभाष के माध्यम से लाइनमैन की सहायता से संबंधित विद्युत सप्लाई को बंद करवाया गया।





अपराधियों के विरुद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज - शिशुपाल अहिरवार

वनपरिक्षेत्र अधिकारी पूर्व लांजी वनपरिक्षेत्र अधिकारी पूर्व लांजी शिशुपाल अहिरवार ने बताया कि सघन चेकिंग करने पर बहुत लंबा जीआई तार ,बांस की खुटो की सहारे फैलाए गया है ,जिसको सुरक्षा की दृष्टि से यथा -स्थान पर रहने दिया इसी बीच टॉर्च का प्रकाश डालने पर देखा गया कि, एक व्यक्ति पुजारी टोला गांव के जंगल के रास्ते से भाग रहा है, तब संपूर्ण बन अमल के द्वारा उसकी घेराबंदी करके इंटेरोगेशन हेतु अभिरक्षा में लिया गया 7 उसी बीच एक अन्य शिकारी एक महुआ के वृक्ष के नीचे छोटी सी नाली में कंबल ओढ़ के छुपा हुआ था, जिसको मौके से बन अमला के द्वारा पूछताछ हेतु अभिरक्षा में लिया गया 7 जब दोनों व्यक्तियों की तलाशी ली गई, तो जिस स्थान से उनको अभिरक्षा में लिया गया था, उसी स्थान पर उन दोनों के पास एक- एक नंग 02 कुल्हाड़ी एक पीले थैले में लगभग 2 किलो जीआई तार और बैठने के लिए पीले कलर की दो पॉलिथीन की त्रिपाल पाई गई। दोनों से पूछताछ करने पर एक के द्वारा बताया गया की उसका नाम रामचंद्र पिता सूर्यलाल टेकाम निवासी पुजारी टोला है, और दूसरे के द्वारा अपना नाम मक्खन पिता अमरू सिंह निवासी झाकुरदा (डाबरी)बताया गया7 जब दोनों से सख्ती से पूछताछ की गई ,तो उनके द्वारा बताया गया कि वह दोनों अपने अन्य साथियों की सहायता से वन्य प्राणियों के शिकार के लिए करंट फैलाए हुए थे, और छुपकर वन्य प्राणियों को करंट में फंसने का इंतजार कर रहे थे ,तभी अचानक वन विभाग की टीम आ गई बाकार करने में असफल हो गए ,उनसे और आगे पूछताछ करने पर बताया गया की, उनके द्वारा यह काम अक्सर अपने साथियों के साथ मिलकर किया जाता है 7? जिसके पश्चात समस्त बन अमले के द्वारा मौके की संवेदनशीलता को देखते हुए दोनों अपराधियों को अभिरक्षा में लेकर पुजारी टोला से सुरक्षित लांजी लाया गया। और उनकी सुरक्षा करते हुए उनको रात्रि विश्राम कराया गया 7

मौके से दो नग कुल्हाड़ी ,दो तिरपाल, जीआई तार का थैला की जब्ती की कार्रवाई करते हुए, अपराधियों के विरुद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2(16) (क्ष),9,39,50, एवं 51 के तहत बनअपराध प्रकरण क्रमांक 12000/15 दिनांक 23/01/2022 दर्ज करके एवं उनको गिरफ्तार करके माननीय न्यायालय लांजी में पेश किया गया जहां से माननीय न्यायालय द्वारा दोनों को जेल अभिरक्षा में भेजा गया।

### टीम में इनका रहा सहयोग

उक्त कार्रवाई वनपरिक्षेत्र अधिकारी शिशुपाल अहिरवार के मार्गदर्शन और निर्देशन मैं की गई जिसमें संजय सिंह चौहान वनरक्षक, शैलेंद्र रामटेकर वनरक्षक, इलियास खान वनरक्षक, गोविंद ठाकुर वनपाल, रामसखा बैगा वनरक्षक, संतोष सोनवानी वनपाल, देवेंद्र सहारी वनपाल इत्यादि सम्मिलित रहे 7

## संक्षिप्त समाचार

### प्रभारी मंत्री श्री सिलावट 25 व 26 जनवरी को ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे

ग्वालियर।जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन, मछुआ कल्याण व मत्स्य विकास मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट 25 जनवरी को ग्वालियर के दो दिवसीय प्रवास पर आयेंगे। श्री सिलावट इस दिन प्रात 7.45 बजे रेलमार्ग से ग्वालियर पहुँचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री सिलावट 25 जनवरी को प्रात 8.30 बजे मुरार सर्किट हाउस से दतिया के लिये रवाना होंगे और वहां पर माँ पीताम्बरा पीठ के दर्शन करने के पश्चात प्रात 11 बजे वापस ग्वालियर पहुँचेंगे। श्री सिलावट इसके बाद कंट्रोल एण्ड कमाण्ड सेंटर मोतीमहल पहुँचकर संबंधित अधिकारियों की बैठक में कोविड की समीक्षा करेंगे। इसी क?ी में दोपहर 12.15 बजे यहीं पर ओलावृष्टि से फसलों को हुई क्षति और राहत वितरण की समीक्षा करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट 26 जनवरी को प्रात 9 बजे एसएएफ मैदान कम्पू पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। श्री सिलावट अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद अपरान्ह 3.55 बजे विमानतल पहुँचकर इंडिगो फ्लाइट से इंदौर के लिये प्रस्थान करेंगे।

### शेष वार्ड तत्काल कराएं सेप्टिक टैंकों की जियो टेगिंग, अन्यथा कार्रवाई के लिए रहे तैयार निगमायुक्त श्री कन्याल

ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा के दौरान सभी क्षेत्राधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन वार्डों में सेप्टिक टैंकों की जियो टैगिंग का कार्य शेष है वह तत्काल पूर्ण कराएं अन्यथा कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक के दौरान निगम प्रशासक एवं संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने स्वच्छता नवाचार के तहत घरों से निकलने वाली पुरानी व अनुपयोगी वस्तुओं जैसे कपड़े ,जूते, अखबार इत्यादि के संग्रहण एवं उनके पुनः उपयोग के बाद बिक्री के लिए स्व सहायता समूहों का प्रशिक्षण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही निगम प्रशासक श्री सक्सेना ने सभी वार्ड मोनिटरों को निर्देश दिए कि गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई तेज की जाए और अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी बाजार एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में दुकानदार या ठेलेवाला निरंतर गंदगी फैलाते हुए पाया जाए तथा उसके ऊपर लगातार तीन बार जुर्माना होने के बाद भी वह गंदगी फैलाता है तो उसकी दुकान या ठेला बंद करा दिया जाएगा यह चेतावनी सभी दुकानदारों व बाजारों में दें। इसके साथ ही निगमायुक्त श्री कन्याल ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के लिए अब हमारे पास केवल 5 सप्ताह का समय है इसलिए सभी अधिकारी व कर्मचारी सक्रियता से अपने कार्य में जुट जाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### राजस्व कर संग्रहक प्रतिमाह देगें अपने क्षेत्र में लगे होर्डिंग एवं यूनीपोल की जानकारी

ग्वालियर। नगर निगम सीमा क्षेत्र में क्षेत्रीय कार्यालय अनुसार कितने होर्डिंग, भवन की छत अथवा भूमि पर लगे हुये है, इस हेतु विस्तृत प्रतिवेदन प्रतिमाह संबंधित क्षेत्र के राजस्व कर संग्रहक विज्ञापन शाखा में देगें। उक्ताशय के आदेश नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने किए हैं। सहायक नोडल अधिकारी विज्ञापन शाखा श्री सन्दीप शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में दायर याचिका क्रमांक-7338/2014 में माननीय न्यायालय द्वारा प्रति तीन माह में होर्डिंग/यूनीपोल / कियोस्क एवं अन्य के संबंध में प्रतिवेदन दिये जाने हेतु निर्णय पारित किया गया है। नगर निगम ग्वालियर द्वारा ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से विज्ञापन लगाये जाने की अनुमति प्रदान की जा रही है। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा जारी आदेशानुसार वर्तमान समय में नगर निगम सीमा क्षेत्र में क्षेत्रीय कार्यालय अनुसार कितने होर्डिंग, भवन की छत अथवा भूमि पर लगे हुये है, इस हेतु विस्तृत प्रतिवेदन प्रतिमाह दिये जाने राजस्व कर संग्रहक को नियुक्त किया जाता है।






# शासकीय धनराशि का दुरूपयोग भारी पड़ा, चार पूर्व सरपंच जायेंगे जेल

### जिला पंचायत सीईओ श्री तिवारी ने जारी किए वारंट



ग्वालियर। शासकीय धनराशि निकालकर उसका निर्माण कार्य पूर्ण कराने में उपयोग न करने अर्थात शासकीय धन का दुरूपयोग करने वाले पूर्व सरपंचों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं विहित प्राधिकारी श्री आशीष तिवारी ने पंचायत राज अधिनियम की धारा-92 के तहत चार ग्राम पंचायतों के पूर्व सरपंचों को जेल भेजने के लिये अलग-अलग वारंट जारी किए हैं।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी ने अलग-अलग आदेश जारी कर जिले की जनपद पंचायत डबरा की ग्राम पंचायत कुम्हर्रा के पूर्व सरपंच श्री सोबरन सिंह परिहार, जनपद पंचायत भितरवार की ग्राम पंचायत चरखा की पूर्व सरपंच श्रीमती भागवती, जनपद पंचायत घाटीगाँव (बरई) की पूर्व सरपंच श्रीमती किरन और ग्राम पंचायत कुलैथ के पूर्व सरपंच श्री रमेश जाटव को अभिरक्षा में लेकर 30 दिवस के लिये जेल में रखने के निर्देश भारषाधक अधिकारी अर्थात अधीक्षक केन्द्रीय कारागार को दिए गए हैं।

जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कुम्हर्रा श्री सोबरन सिंह परिहार द्वारा राजीव गांधी शिक्षा मिशन के तहत स्वीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय कुम्हर्रा, शासकीय प्राथमिक विद्यालय ईटाटोरा का पुरा में भवन निर्माण, ग्राम कुम्हर्रा व नाहटौली में सीसी रोड़, हैण्डपम्प संधारण, वृक्षारोपण सहित अन्य निर्माण कार्यों के लिये जारी की गई राशि में से लगभग 5 लाख 23 हजार रूपए की राशि अपने पास रखकर शासकीय धन का दुरूपयोग किया गया है।

इसी तरह ग्राम पंचायत चरखा की पूर्व सरपंच श्रीमती भागवती ने मनरेगा सहित अन्य योजनाओं के तहत जारी की गई राशि में से लगभग 3 लाख 79 हजार रूपए की राशि को अपने पास रखकर दुरूपयोग किया है।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत रामपुरा की पूर्व सरपंच श्रीमती किरन द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत ग्राम पंचायत को जारी की गई राशि में से लगभग एक लाख 89 हजार रूपए की राशि का दुरूपयोग किया है। ग्राम पंचायत कुलैथ के पूर्व सरपंच श्री रमेश जाटव ने 14वाँ वित्त आयोग सहित अन्य योजनाओं की राशि में से लगभग 3 लाख 98 हजार रूपए की राशि शासन कोष में जमा नहीं कराई है।

इन सभी पूर्व सरपंचों के विरूद्ध मध्यप्रदेश पंचायतीराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 के अंतर्गत वसूली का प्रकरण पंजीबद्ध कर उक्त राशि चुकाने हेतु युक्तियुक्त समय दिया गया। किंतु उन्होंने रकम नहीं चुकाई। प्रकरण में अधिनियम की धारा 89 अंतर्गत प्राप्त जांच प्रतिवेदन अनुसार दोषी साबित होने के कारण विचार उपरांत अंतिम आदेश पारित कर 15 दिवस में रकम शासकीय कोष में जमा करने के लिए आदेशित किया गया था, किंतु पूर्व सरपंचों द्वारा राशि जमा नहीं कराई गई।

इसके बाद विहित प्राधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ग्वालियर न्यायालय ने मध्यप्रदेश पंचायतीराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 की उप धारा 2 के अधीन इन चारों पूर्व सरपंचों को जेल में सुपुर्द करने के अलग-अलग वारंट जारी कर दिए हैं।

# विधाराक डॉ.सतीश सिकरवार ने किया सीसी रोड का भूमि पूजन



वार्ड 19 के नाना नगर 60 फुट रोड के पास एवं वार्ड 60 सिंधिया नगर की 4 गलीयों में ग्वाल्यिर पूर्व विधानसभा के विधायक डॉ. सतीश सिंह सिकरवार जी ने सीसी रोड का किया भूमि पूजन। डॉ. सतीश सिंह सिकरवार जी ने कहा क्षेत्र का विकास प्रगति उन्नति के ल्यि हमेशा काम करता हूं और करता रहूंगा। क्षेत्र का विकास ही मेरी प्राथमिकता है।

वार्ड 19 नाना नगर के भूमि पूजन कार्यक्रम के अवसर पर सर्वश्री राजेश तोमर, जहान सिंह तोमर, सोवरन सिंह तोमर, कल्लू तोमर, मोनू भदोरिया, अनूप शिवहरे, गिर्राज चंदोरिया, अनिल शर्मा, राधेश्याम शर्मा, नारायण तोमर, आधीराम शर्मा, वीरेन्द्र भदौरिया, सोनू शर्मा, सोवरन नरवरिया, सर्वेश राजावत आदि क्षेत्रवासी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

एवं वार्ड 60 सिंधिया नगर के भूमि पूजन कार्यक्रम में सर्वश्री सुरेन्द्र यादव, अबधेश कौरव, चंद्रप्रकाश गुप्ता, सुरेश प्रजापति, राकेश कुशवाह, अनूप शिवहरे, सोनू भदोरिया, मनीष अग्रवाल, टिंकू परिहार, अर्जुन कुशवाह, मुन्नी ल्राल जोशी, महेन्द्र शर्मा, केदार वरहादिया, प्रकाश चौहान, होतम रजक, खल्री खां, बेताल सिंह परिहार, आदि क्षेत्रवासी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### संकल्प सिद्धि सामाजिक संस्था द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस महाडिक की गोट स्थित बस्ती में गरीब वर्ग की बालिकाओं एवं उनके परिवारों के साथ मनाया बालिकाओं को उपहार भेंट किए



ग्वालियर। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष श्रीमती गिरिजा गर्ग ने कहा की आज हम आजादी की 75 वीं वर्षगांठ मनाने जा रहे हैं लेकिन आज भी समाज में बालिकाओं को वह सम्मान एवं प्रोत्साहन नहीं मिलता जिससे वह आगे बढ़ सके विशेष रुप से गरीब वर्ग की बालिकाओं में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता का अभाव है देश में जिन परिवारों ने अपनी बच्चियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया है वह आज देश में प्रत्येक क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है चाहे वह ओलंपिक खेल मैं पदक जीतना हो या देश की सीमाओं की रक्षा करना हो। आज राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मैं देश, प्रदेश एवं हमारे शहर के सभी माता-पिता से यह अपील करना चाहती हूं कि वह अपनी बच्चियों को कमजोर ना मानकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर संस्था की सचिव श्रीमती भारती सोलंकी, रचना कोडात कर, रंजना मौर्य, प्रीति सिंह, किरण मौर्य, सुनीता आदि उपस्थित थी।

# हमें भाजपा को प्र्रत्रोक बूथ पर सक्षम बनाकर कुशाभाऊ ठाकरे के सपने को पूरा करना हैः पवैया

### (बूथ विस्तारक योजना का पांचवा दिन)



ग्वाल्यिर।। पूर्व मंत्री श्री जयभान सिंह पवैया ने बूथ विस्तारक योजना के तहत ग्वाल्यिर पूर्व विधानसभा के भगत सिंह मंडल के वार्ड क्रमांक-27 पोलिंग क्रमांक-170 एवं ग्वाल्यिर विधानसभा के कोटेश्वर मंडल के वार्ड क्रमांक-03 के बूथ क्रमांक 88 पर पहुंचे। उनके साथ जिल्राध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, ग्वाल्यिर के संगठन प्रभारी श्री मधु वर्मा जी, सह संगठन प्रभारी श्री अरुण चतुर्वेदी जी, विनोद शर्मा, प्रमोद खंडेल्वाल, हरिओम झा, प्रयाग तोमर, दारा सिंह सेंगर, बिरजू शिवहरे मौजूद रहे। इस दौरान श्री जयभान सिंह पवैया ने कहा कि बूथ विस्तारक योजना भारतीय जनता पार्टी की अब तक की सबसे ऐतिहासिक कार्य योजना है। उन्होंने कहा कि आज श्रद्धेय कुशाभाउ ठाकरे जी के जन्मशताब्दी वर्ष को संगठन पर्व के रूप में मनाकर उनके विचार अनुरूप संगठन को बूथ पर मजबूत कर भाजपा को सशक्त संगठन बनाने के लिए बूथ विस्तारक योजना बनाई है। इसलि्ये विस्तारक बूथों पर जाकर समितियों के विस्तारीकरण, सु.ढ़ीकरण और डिजीटल्राइज करने का कार्य कर रहे हैं। हमें भाजपा को प्रत्येक बूथ पर सक्षम बनाकर कुशाभाऊ ठाकरे के सपने को पूरा करना है।

### उपायुक्त के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले कर्मचारी, कई जगह स्वयं खड़े होकर कराई सफाई



ग्वालियर। उपायुक्त स्वास्थ्य श्री सत्यपाल सिंह चौहान द्वारा वार्ड क्र 44 एवं 50 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले जिनका एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कई स्थानों पर गंदगी मिली जिसने स्वयं खड़े होकर साफ कराया गया।

निरीक्षण के दौरान निम्न कर्मचारी अनुपस्थिति पाये गये। वार्ड 44 में जतिन पुत्र पप्पू एवं वार्ड 50 में, सुनील पुत्र नारायण,सपना पत्नी मोनू अनुपस्थित मिले। इस प्रकार दोनो वार्डो में कुल 82 सफाई मित्रो में से 03 सफाई मित्र अनुपस्थित रहे।अनुपस्थित कर्मचारियों के वेतन काटने के निर्देश के साथ अन्य निर्देश भी दिए गए। कर्मचारियों की शत प्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित करे। कर्मचारी निर्धारित ड्रेस कोड में रह कर कोविड गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित करें। सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की प्रति दिवस सफाई की जाये। गंदगी एवं कचरा फैलाने वालों पर जुर्माना अधिरोपित कर कार्यवाही करें। साथ ही उपायुक्त चौहान द्वारा गस्त का ताजिया से लेकर ऊंट पुल तक सड़क पर डिवाइडर के लिए रखे वेरिकेट्स को हटवा कर सफाई कराई गई और सुबह सुबह कचरे के ठेर पाए जाने पर रात को कचरा बाहर फेंकने वाले स्थानों की मेपिंग कर रात की कचरा गाड़ी में कचरा प्राप्त किये जाने के निर्देश डब्ल्यू एच ओ को दिए गए।

### केंद्रीय बलों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थान है सीसुब टेकनपुरः ओबरॉय



ग्वालियर। सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों व अन्य केंद्रीय पुलिस संगठनों के कर्मिकों के लिए देश का सर्वश्रेष्ठ संस्थान है, अकादमी से अब तक विभिन्न बलों के हजारों कार्मिक प्रशिक्षण लेकर देश के लिए विभिन्न मोर्चों पर अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रहे है। आज सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में महानिरीक्षक व संयुक्त निदेशक जितेंद्र सिंह ओबरॉय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेनपुर की उपलब्धियां गिनाई। महानिरीक्षक ओबरॉय ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर की स्थापना ट्रेनिंग सेंटर एंड स्कूल के नाम से 01 परवरी 1966 को हुई थी और 21 नवबंर 1966 को इसका नाम बदलकर सीमा सुरक्षा बल अकादमी रखा गया। इस प्रशिक्षण संस्थान में सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों के साथ अन्य केंद्रीय पुलिस संगठनों के कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।सीमा सुरक्षा बल अकादमी की अभिकल्पना सीमाओं की सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, नक्सलवाद एवं आतंकवाद विरोधी कार्यवाहियों तथा मानव संसाधन विकास में सर्वोत्तम प्रशिक्षण संस्थान बनाना है। अकादमी का उद्देश्य आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए युद्ध एंव शांति दोनों ही परिस्थितियों में एक अच्छे लीडर एवं प्रभावशाली कमांडर के रूप में कुशलतापूर्व कार्य करने हेतु अधिकारी एवं अधीनस्थ अधिकारियों को प्रशिक्षित करना है अकादमी में इसके अलावा बल के कार्मिकों के लिए घुडसवारी , मोटर चालन, आपदा प्रबंधन, श्वान प्रशिक्षण कोर्स संचालित किए जाते है। भारत के राज्य तथा पडोसी देश के पुलिस बलों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम यहां चलाए जाते है सीमा सुरक्षा बल अकादमी ने पारंपरिक और आधुनिक प्रोद्योगिकी का समावेश करके प्रशिक्षण के सर्वोत्तम संस्थान के रूप में ख्याति अर्जित की है। MHA द्वारा सही मायने में हमें centre of E&cellence घोषित किया है। ओबरॉय ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल मे अश्रु गैस ईकाई की स्थापना 12 मई 1976 को पुलिस बलों को कानून व्यवस्था कायम करने हेतु अश्रु गैस सामग्री उपलब्ध कराने के लिए हुआ था इससे पहले इस munitions को विदेशों से आया किया जाता था ञ्जस् ने सुरक्षा बलों की जरूरत को ध्यान में रखकर अपनी उत्पादन क्षमता को 12 गुना बढाया है कम घातक munitions के उत्पादन के मामले में भारत को आत्मनिर्भर बना दिया है। गत 6 दिसंबर को अश्रु गैस उत्पादों के उपयोग हेतु 21 दिवसीय ञ्जस्रू कोर्स शुरू किया गया, जिसमें विभिन्न राज्य पुलिस बलों तथा छ्व्रक्क्र के 34 प्रशिक्षार्थी शामिल है।

### 25 जनवरी को मनेगा 12वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस

#### बाल भवन में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

**ग्वालियर।** मतदाताओं को जागरूक करने एवं उनकी प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्वालियर जिले में भी 25 जनवरी को बारहवाँ ÷राष्ट्रीय मतदाता दिवस÷ मनाया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार मजबूत लोकतंत्र के लिए कृत संकल्प तथा समावेशी, सहभागी व सुगम चुनाव के ध्येय के साथ राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजित होगा। ग्वालियर जिले में संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना के मुख्य आतिथ्य में बाल भवन में प्रात 11 बजे राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह करेंगे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478